दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 16 | सीकर, शनिवार 14 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# एलपीजी गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रशासन सख्त

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागीय आयुक्त ने ऑयल कंपनी व रसद विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही घर-घर डिलीवरी के माध्यम से की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गोदामों से सीधे एलपीजी गैस का वितरण नहीं किया जाए। अवैध रिफिलिंग जैसी गतिविधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति और वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ओटीपी आधारित डिजिटल बुकिंग एवं डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से ही की जाए तथा केवल वैध पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही गैस उपलब्ध कराई जाए। बैठक में ऑयल कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों को जिला सतर्कता यूनिट के साथ समन्वय बनाए रखने तथा सभी गैस एजेंसियों पर बुकिंग, उपलब्ध स्टॉक, बैकलॉग और आपूर्ति तिथि संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग को रोकने के लिए एजेंसियों को सख्त हिदायत दी गई। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने आमजन से अपील की कि आवश्यक होने पर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक से बचें। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और अवैध भंडारण, दुरुपयोग तथा कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिला सतर्कता यूनिट और विशेष प्रवर्तन दल का गठन किया गया है।

यह दल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में कमी, अवैध संग्रहण और अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर नजर रखेगा। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की सेल्स अधिकारी अंशु झाझड़िया, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ने की किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी

# प्रदेश के कृषि बजट में ऐतिहासिक 34% की वृद्धि, हमारी सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी : मुख्यमंत्री

### प्रदेश में किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 1 हजार 355 करोड़ रु से अधिक की राशि हस्तान्तरित

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान देश की आत्मा है। इनके सम्मान में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ों किसान परिवारों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त हस्तान्तरित की है। इनमें राजस्थान के 66 लाख 76 हजार से अधिक किसान शामिल हैं, जिन्हें 1 हजार 355 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के हस्तान्तरण कार्यक्रम तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं के भूमि पूजन एवं उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा दुर्गापुरा के राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान से वीसी के जरिए प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में जुड़े और उनका संबोधन भी सुना। इसी कड़ी में श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि किसान हमेशा से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता में हैं। गत वर्षों में उनके नेतृत्व में किसान संबंधी नीति में नई सोच आई है। अब किसान को देश की ताकत माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दृढ़ संकल्प है कि भारत का किसान समृद्ध बने। इस दिशा में अनेक योजनाएं बनाई गई हैं, जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रमुख है।



#### फसल बीमा योजना में 6 हजार 473 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम वितरित-

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है, जिसके तहत पात्र किसानों को हर साल राज्य सरकार की ओर से 3 हजार रुपये की अतिरिक्त सम्मान राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस सम्मान निधि की राशि को चरणबद्ध रूप से 12 हजार रुपये तक बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। फसल बीमा योजना में खराबे पर पूर्ववर्ती सरकार से ज्यादा मुआवजा दिया जा रहा है। इस योजना में अब तक 6 हजार 473 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम राज्य में वितरित किए जा चुके हैं।

# कांग्रेस ने गैस सिलेंडर की निकाली शवयात्रा

## शहर अध्यक्ष ने अर्थी को दिया कंधा, राम नाम सत्य है सिलेंडर बोलो मस्त है के लगाए नारे

जयपुर।



जयपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में गैस सिलेंडर की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई, जिसमें शहर अध्यक्ष सहित कांग्रेसी नेताओं ने अर्थी को कंधा देकर 'राम नाम सत्य है, सिलेंडर बोलो मस्त है' जैसे नारे लगाए।

कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर में गैस सिलेंडर के साथ-साथ बीजेपी नेता भी गायब हैं। उन्होंने ऑटो चालकों और गरीब परिवारों को राहत देने के लिए सरकार से अतिरिक्त फंड जारी करने की मांग की। देशभर में एलपीजी सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया। जयपुर के चांदपोल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गैस सिलेंडर की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली। इसके बाद कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार का सांकेतिक पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चूल्हे पर खाना पकाकर जनता की परेशानी का सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

#### जनता को भाजपा को सत्ता में लाने का मिल गया इनाम

इस दौरान कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जनता को भाजपा को सत्ता में लाने का इनाम मिल गया है। उन्होंने कहा कि घरों की रसोई से सिलेंडर गायब हो गया है और अब भाजपा के नेता भी गायब हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले गैस सिलेंडर महंगे किए गए और अब केरोसिन देने की बात कही जा रही है, लेकिन वह भी लोगों को नहीं मिल रहा।

#### ऑटो चालकों और गरीबों के लिए फंड की मांग

खाचरियावास ने कहा कि जयपुर शहर में 10 हजार से ज्यादा ऑटो रिक्शा बंद हो गए हैं। सरकार को ऑटो चालकों के लिए अलग से फंड देना चाहिए। साथ ही जिन गरीब परिवारों के घरों में रोटी नहीं बन पा रही है, उनके लिए भी आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ गैस ही नहीं, बल्कि हवाई जहाज कंपनियों ने भी किराए बढ़ा दिए हैं, ऐसे में सरकार को टैक्स कम करना चाहिए।

# पीरियड्स में पेड लीव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**सीजेआई बोले- कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा- ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मेंस्ट्रुअल लीव को अनिवार्य बनाने के संभावित सामाजिक परिणामों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है।

# मेडिकल रिपोर्ट के बदले रिश्वत लेते डॉक्टर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की जोधपुर ग्रामीण टीम ने जिला अस्पताल फलोदी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड़ को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को की गई। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत दी कि डॉ. गौड़ ने पुलिस थाना फलोदी में दर्ज एक मुकदमे में परिवादी व अन्य व्यक्ति की चोटों की मेडिकल रिपोर्ट उनके पक्ष में तैयार करने के बदले 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। आरोप है कि आरोपी डॉक्टर पहले ही 3 हजार रुपए रिश्वत के रूप में ले चुका था और शेष 7 हजार रुपए की मांग कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में निरीक्षक अनिल कुमार और टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। टीम ने डॉ. गौड को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- क्या आप चाहते हैं हम पूरा देश चलाएं

**याचिका शॉपिंग मॉल जैसी; सड़कों, पुलों, बिजली तारों की देखभाल करने की मांग वाली अर्जी खारिज**

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (13 मार्च) को एक याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि क्या आप चाहते हैं कि हम पूरे देश को चलाएं। याचिका में देश में सड़कों, पुलों और बिजली की तारों आदि की ठीक से देखभाल करके जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

# राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट

## तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा; बादल छाने से कई शहरों में पारा 4 डिग्री तक गिरा



**जयपुर।** राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाए। इससे तापमान में गिरावट हुई। चूरू, अलवर, कोटा, पिलानी समेत कई शहरों में पारा में 2 से 4 डिग्री तक नीचे आ गया। शेखावाटी अंचल में अधिकतम तापमान 35 डिग्री से भी नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 14 मार्च को 5 जिलों में बादल छाने के साथ धूलभरी हवा चलने और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15 मार्च को 18 जिलों में अलर्ट आंधी-बारिश का अलर्ट है।

बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, नागौर और अलवर समेत आसपास के एरिया में शुक्रवार को दोपहर बाद बादल छाए। चूरू, सीकर, झुंझुनूं समेत कई शहरों में तापमान में गिरावट हुई। यहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 39.6 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री, पाली में 38.2 डिग्री, कोटा-चित्तौड़गढ़ में 37.6 डिग्री, वनस्थली (टोंक) में 37.2 डिग्री, भीलवाड़ा-अजमेर में 36 डिग्री, उदयपुर-जैसलमेर में 36.4 डिग्री, बारां-जालोर में 36.5 डिग्री, प्रतापगढ़ में 36.3 डिग्री, सिरोही में 35.6 डिग्री और बीकानेर में 35 डिग्री दर्ज हुआ।

दो दिन लगातार बादल छाने से शेखावाटी के सभी शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ।

# ग्लूकोमा अंधेपन का बड़ा कारण, 40 वर्ष के बाद नियमित करवाएं आंखों की जांच

## स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आमजन को किया जा रहा है जागरूक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत लोगों को आंखों की गंभीर बीमारी ग्लूकोमा काला मोतियाद्ध के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि ग्लूकोमा एक ऐसी बीमारी है, जो धीरे-धीरे आंखों की रोशनी को समाप्त कर सकती है। इसलिए समय रहते इसके लक्षणों को पहचानना और चिकित्सक से जांच करवाना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सप्ताह के तहत संस्थाओं की ओपीडी में आने वाले आमजन व रोगियों को इसकी जानकारी दी जा रही है। सीएमएचओ डॉ महरिया ने बताया कि ग्लूकोमा होने पर कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के आंखों के सामने चमकती हुई गोल या रंगीन लकीरें दिखाई देने लगती हैं, आंखों में दर्द महसूस होता है तथा धीरे-धीरे दिखाई देना भी कम हो सकता है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नेत्र चिकित्सक से जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा में आंख का दबाव बढ़ जाता है, जिससे आंखों की नसों पर प्रभाव पड़ता है और धीरे-धीरे उनमें कमजोरी आने लगती है। समय पर उपचार नहीं होने पर यह बीमारी स्थायी अंधेपन का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि विश्व में अंधेपन के प्रमुख कारणों में ग्लूकोमा भी शामिल है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने विशेष रूप से 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराने की सलाह दी है। इस आयु वर्ग में ग्लूकोमा होने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए समय-समय पर नेत्र परीक्षण आवश्यक है। उन्होंने लोगों को यह भी चेतावनी दी कि बिना चिकित्सक की सलाह के आंखों में किसी भी प्रकार की दवा नहीं डालनी चाहिए।

# रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराने की जरूरत नहीं : राठौड़

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर आमजन को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ ने बताया कि झुंझुनू जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा रही है।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर रिफिल करवाकर घरों में जमा न करें तथा गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष सतर्कता दल का गठन किया गया है। साथ ही सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित समय के भीतर सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और प्रतिदिन दो गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है।

किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग द्वारा हाल ही में आयोजित बैठक में सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला रसद अधिकारी ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी होती है या कोई एजेंसी कालाबाजारी अथवा ओवररेटिंग करती है, तो उपभोक्ता मामले विभाग की हेल्पलाइन नंबर 14435, 181 और 112 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# राजस्थान दिवस पर प्रदेशभर में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कला-साहित्य और लोक परंपराओं का मनेगा उत्सव; नाटक और संगीत कार्यक्रम होंगे खास**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्यभर में 14 से 19 मार्च तक पूरे सप्ताह विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक और लोककला से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन राज्य सरकार के कला-साहित्य एवं संस्कृति और पुरातत्व विभाग की ओर से किए जा रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व प्रवीण गुप्ता ने बताया- इन कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और साहित्यिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। इससे प्रदेश की कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और कलाकारों, साहित्यकारों तथा विद्वानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी मिलेगा।

## कोबरी-सार



# घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन मुस्तैद

## उपभोक्ताओं से लिया फीडबैक



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला सतर्कता यूनिट ने सरदारशहर, चूरू, छापर, तारानगर, रतनगढ़ व राजगढ़ में गैस एजेंसियों की जांच की और उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया। सतर्कता यूनिट ने सरदारशहर में श्याम भारत गैस एजेंसी, देवकाशी भारत गैस एजेंसी, राजगढ़ में बाबा भारत गैस एजेंसी, तारानगर में भारतरत्न स्टार सिटी गैस एजेंसीए छापर में लक्ष्मी गैस एजेंसी, रतनगढ़ क्षेत्र में जयकृष्ण गैस एजेंसी, पड़िहारा में मातेश्वरी इण्डेन ग्रामीण वितरक, ग्रामीण क्षेत्र में तालणिया एचपी गैस एजेंसी व महला इण्डेन ग्रामीण वितरक, चूरू में बगड़िया व जय भारत गैस एजेंसी की जांच कर स्टॉक उपलब्धता, आपूर्ति, बुकिंग और उपभोक्ता सेवाओं की जानकारी ली। जांच में एजेंसियों पर सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। सतर्कता यूनिट की जांच कार्रवाई के दौरान सरदारशहर में डीएसओ अंशु तिवाड़ी, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार ने जांच कीए वहीं राजगढ़ में प्रवर्तन निरीक्षक प्रीति खेदड़, छापर में सुजानगढ़ तहसीलदार गिरधारी पारीक व प्रवर्तन अधिकारी महिपाल सिंह, रतनगढ़ में तहसीलदार पूजा पारीक, तारानगर में तहसीलदार हनुमान सिंह व प्रवर्तन निरीक्षक जीतू सिंह तथा चूरू में तहसीलदार अशोक गोरा व प्रवर्तन निरीक्षक सीमा जूनवाल ने एजेंसियों की जांच कर व्यवस्थाएं देखीं और संचालकों को समुचित निर्देश दिए। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि सतर्कता यूनिट ने उपभोक्ताओं से बात कर उनका फीडबैक लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, इसलिए पैनिक करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं को बताया कि उपभोक्ता किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारू तथा सामान्य है। गैस आपूर्ति को लेकर जिले में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। किसी भी समस्या के लिए सरकार की विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 181, 112, 14435 तथा जिला कंट्रोल रूम 01562-250927 की सहायता लें।

# शीतला माता की भव्य कलश यात्रा निकली



निसं

**पलसाना (नवयत्न)।** सीकर जिले के पलसाना कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मुख्यालय शाहपुरा स्थित नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शाहपुरा के भेरूजी मंदिर से सुसज्जित महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। वही शीतला माता की मूर्ति का नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष गीतों की धुन के साथ झूमते हुए मुख्य आकर्षण बने रहे। शीतला माता की शक्ति एवं भक्ति का जुनून काफी संख्या में मौजूद लोगों की उपस्थिति ने बहुत ही शानदार बना दिया। जगह-जगह यात्रा का शानदार स्वागत हुआ। शीतला सेवा समिति के कार्यकर्ता ट्रैफिक आवागमन एवं अन्य व्यवस्था को सुंदर बनाने के लिए पूरी तरह से चाक-चौबंद रहे। मुख्य यजमान बजरंग लाल कुमावत ने सपत्नीक पूजन प्रारंभ करवाया। कार्यक्रम में 11 विद्वान पंडितों के द्वारा आवाहित देवताओं की पूजा अर्चना के बाद नवचंडी पाठ शुरू हुए। 14 मार्च को प्रात: 9:15 बजे शीतला माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ब्रह्मचारी दिगंबरा आश्रम श्रीमाधोपुर के संत किशन गिरी महाराज के सानिध्य में होगा। दोपहर में कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे की शुरुआत होगी। रात्रि में गायक विरदीचंद गुर्जर एवं श्योपाल शर्मा एंड पार्टी के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से मां शीतला का दरबार सजाया जाएगा। वही डांसर सीमा चौधरी एवं सानिया पंजाबी तथा लक्ष्मण छैला के द्वारा हास्य कॉमेडी प्रस्तुत की जाएगी। इस मौके पर ग्राम के गणमान्य नागरिक महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

# आज 2 घण्टे बंद रहेगी बिजली

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** विद्युत रखरखाव कार्य के चलते 14 मार्च को को सुबह 2 घण्टे बिजली बंद रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश ने बताया कि विद्युत रख रखाव कार्य के चलते देगावास फीडर का शट डाउन रहेगा जिससे तारानगर कस्बे में देगाबास दो मंदिर, चौधरी धर्मशाला के पास, वार्ड 14 बंका स्कूल के पास, रेगर बस्ती की विद्युत सप्लाई सुबह 7 से 9 बजे तक 2 घण्टे बंद रहेगी।

# संभागीय आयुक्त ने आशा के झरने का किया निरीक्षण

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम ने शुक्रवार को झुंझुनू में विशेष योग्यजन बच्चों के लिए संचालित आशा के झरने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूक-बधिर, दिव्यांग तथा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं और उनके शैक्षणिक स्तर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। संभागीय आयुक्त ने केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध खेलकूद, शिक्षा एवं भविष्य में रोजगार से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने बच्चों को दी जा रही फिजियोथेरेपी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को केंद्र तक लाने और वापस घर पहुंचाने के लिए उपलब्ध परिवहन व्यवस्था की जानकारी भी अधिकारियों से प्राप्त की। संभागीय आयुक्त पूनम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सा सहायता और नियमित स्वास्थ्य जांच की अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। साथ ही बड़े बच्चों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि यहां के बच्चों के हेल्थ चेकअप में और अधिक सुधार करने की आवश्यकता है इसके लिए बीडीके अस्पताल से ट्राई अप करके शिविर के माध्यम से इनका हेल्थ चेकअप किया जाएगा।

इस अवसर पर झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, सीओ सिटी गोपाल ढाका, थाना प्रभारी श्रवण कुमार मील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# केडिया परिवार 11 लाख की लागत से करवा रहा स्कूल के मुख्य द्वार व कमरे का निर्माण

निसं



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** हैदराबाद प्रवासी भामाशाह केडिया परिवार द्वारा कस्बे के मंडी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 11 लाख की लागत से मुख्य द्वार व कमरे का निर्माण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को सुनिल केडिया, मंजू देवी केडिया व निवर्तमान पार्षद गिन्नीदेवी गोयल द्वारा शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया गया। पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष संजय गोयल ने बताया कि सूरजगढ़ निवासी व हैदराबाद प्रवासी भामाशाह प्रहलाद राय केडिया व बाबूलाल केडिया द्वारा अपनी स्व. माताजी सरस्वती देवी की याद में मंडी स्कूल के मुख्य द्वार व स्कूल भवन में एक कमरे का निर्माण करवाया जाएगा। इस मौके पर सज्जन कुमार केडिया, लीलाधर केडिया, प्रधानाचार्य अशोक कुमार, अरविन्द यादव, पूनम चौधरी, पूनम सोनी, वेदप्रकाश, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, महेश कुमार सैनी, महताब सिंह, रेखा सैन, मंजू, अनिल कुमार, संजय शर्मा, अशोक ठेकेदार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नेत भोमिया मंदिर का स्थापना दिवस मनाया



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** गांव के नेत भोमिया मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पुजारी जोगेंद्र सिंह व सूबे ख्यालीराम बुगालिया ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन-पूजन से हुई जिसमें नन्दकिशोर स्वामी, कैप्टन महेश बुगालिया, अमीलाल बुगालिया, महेश मेघवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां देकर गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। रात्रि को चौमूं की बालाजी भजन मंडली द्वारा भजन गायकों ने भोमियाजी के भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। भजनों की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। इस दौरान गांव के गणमान्य लोग, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और आस्था का वातावरण मजबूत होता है। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बालिका वर्ग में आवासीय कैम्प हेतु चयन स्पर्द्धा आयोजित




निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत चूरू जिले में एक जिला एक खेल के रूप में एथलेटिक्स को प्राथमिक खेल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस संदर्भ में शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम में बालिक वर्ग में आवासीय प्रशिक्षण शिविर हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने बताया कि गुरुवार को बालक वर्ग की चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया तथा शुक्रवार को बालिका वर्ग में एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनका खेल कौशल के आधार पर चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का आवासीय प्रशिक्षण शिविर बालक वर्ग का जिला स्टेडियम,, चूरू में तथा बालिका वर्ग का अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, राजगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर पंकज लाम्बा, प्रकाश चन्द्र, राजेन्द्र पूनिया, नरेन्द्र सहारण, शंकरलाल, जसवंत पूनिया, मनीष राठौड़, सुरेन्द्र प्रजापत,, प्रदीप शर्मा, राहुल पीपलवा, पंकज प्रजापत, नानुराम सैनी, प्रहलाद बुडानिया आदि उपस्थित रहे।

# विशेष जागरुकता कार्यशाला 16 को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में जागरुकता के लिए सोमवार, 16 मार्च को सवेरे 11 बजे चूरू जिला मुख्यालय पर वार्ड नंबर 53, रैगर मोहल्ला सहित रामदेव मंदिर में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमी युवकों/युवतियों को आसान शर्तों एवं कम लागत पर ऋण प्रदान करने के लिये डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि शिविर सवेरे 11 बजे से प्रारंभ होंगे तथा शिविर में योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसी के साथ अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने इच्छुक व्यक्तियों से शिविर में उपस्थित होने की अपील की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज न्यायालय परिसर में प्रात: 10 बजे किया जाएगा। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत के लिए एक बेंच का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ होंगे। बेंच के सदस्य अधिवक्ता गौतम कुमार नाथोलिया तथा सामाजिक कार्यकर्ता संतोष बाबू इंदौरिया रहेंगे। इसके अतिरिक्त राजस्व प्रकरणों के निस्तारण हेतु उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में मामलों की सुनवाई की जाएगी।

लोक अदालत में बैंक ऋण प्रकरण, विद्युत बिल संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक विवाद, राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, श्रम विवाद, राजस्व प्रकरण सहित अन्य प्री-लिटिगेशन एवं लंबित मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा।

# अपील : रसोई गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता, आमजन अफवाहों से बचे

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में घरेलू गैस आपूर्ति के संबंध में आमजन से गैस सिलेण्डर को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और अनावश्यक पैनिक बुकिंग या भण्डारण से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा इसकी आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। जिले में चिकित्सा व शैक्षणिक संस्थानों सहित आवश्यक सेवाओं में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि रसोई गैस सिलेण्डर को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक पैनिक बुकिंग या भण्डारण से बचें। आमजन गैस रिफिल से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नम्बर 112, 181 एवं 14435 तथा जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01562-250927 पर अपनी शिकायत व समस्या दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने समस्त गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमानुसार बुकिंग सुनिश्चित करें तथा वास्तविक पंजीकृत उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से घरेलू गैस सिलेण्डर की होम डिलीवरी करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की असावधानी नहीं बरती जाए। जिला कलक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला सतर्कता यूनिट का गठन कर दिया गया है।

# नगर पालिका सूरजगढ़-सिंघाना को पेयजल की सौगात

## 83.39 लाख की लागत से लगेंगे 5 नए ट्यूबवेल

निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** विधानसभा क्षेत्र सूरजगढ़ में पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए विधायक श्रवण कुमार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। सूरजगढ़ विधायक की विशेष अनुशंसा पर राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने नगर पालिका सूरजगढ़ और सिंघाना क्षेत्र के लिए 5 नए ट्यूबवेल निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। इन विकास कार्यों पर कुल 83.39 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी, जिससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी पी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन ट्यूबवेलों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को पानी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार नगर पालिका सिंघाना के दो ट्यूबवेल कोठी की ढाणी एवं वाल्मीकि मोहल्ला में एवं नगर पालिका सूरजगढ़ के तीन ट्यूबवेल नायकों का मोहल्ला रामदास बगीची के सामने वार्ड नंबर 01, मुस्लिम मोहल्ला वार्ड नंबर 07 एवं वार्ड नंबर 02 में लगाये जाएंगे। विधायक की अनुशंसा के बाद बजट का भी आवंटन कर दिया गया है। इसमें सिंघाना में पाइपलाइन व ट्यूबवेल कार्य के लिए 35.10 लाख रुपये और सूरजगढ़ के कार्यों के लिए 48.29 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। विधायक श्रवण कुमार के इन प्रयासों से स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नए ट्यूबवेल लगने से इस बार गर्मियों के मौसम में पानी की किल्लत से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।



# श्रद्धांजलि सभा आज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** प्रबुद्ध विचारक, राजस्थान के पूर्व सूचना आयुक्त एवं हरिदेव जोशी पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर रहे नारायण बारेठ का निधन गत 7 मार्च को हो गया। उनके द्वारा समाज को दिये गये अमूल्य योगदान को रेखांकित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गांधी बाल निकेतन में शनिवार सायं सवा 4 बजे से किया जायेगा। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकगण, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहकर दिवंगत पूण्यात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# पीएम आवास योजना शहरी 2.0 का मिला लाभ

## बना पक्का आवास, खुशी मोहम्मद ने जताई खुशी

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हर जरूरतमंद के सिर पर छत उपलब्ध कराने के साथ.साथ आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार पीएम आवास योजना के माध्यम से लाभार्थियों को घर निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, जिससे गरीब परिवार भी अपने सपनों का घर बना पा रहे हैं। इस योजना से जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है और उन्हें सुरक्षित तथा सम्मानजनक आवास मिल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत जब चूरू के वार्ड नंबर 06 निवासी खुशी मोहम्मद को पक्का आवास मिलाए तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।




लाभार्थी खुशी मोहम्मद बताते हैं कि पहले उनके पास कच्चा मकान था, जो पिछले वर्ष अधिक बारिश के कारण गिर गया था। इसके बाद उनके परिवार को काफी समय तक किराये के मकान में रहना पड़ा, जिससे उन्हें व उनके परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खुशी मोहम्मद बताते हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत अपना आवेदन किया और आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें योजना के तहत अब तक तीन किस्तों में 02 लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है। इस सहायता से उनके नए आवास का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उन्हें योजना की एक और किस्त प्राप्त होगी। खुशी मोहम्मद पक्का आवास बनने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। वह बताते हैं कि योजना की पूरी प्रक्रिया बहुत सरल रही और योजना अंतर्गत सहायता मिलने से अब उनका पक्का घर बनने का सपना पूरा हो रहा है।

# महिला सुरक्षा व संबधी कानूनों की दी जानकारी

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत तारानगर के वैदिक कन्या छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सुरक्षा सखी बसु कंवर ने छात्रावास में रह रही बालिकाओं को महिला सुरक्षा, महिला संबंधी कानूनों तथा उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कंवर ने बालिकाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत पुलिस व संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करना चाहिए उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में होने वाली गलत गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सवाल भी पूछे जिनका समाधान किया गया और सभी को सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसके अलावा सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत क्षेत्र में महिला जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षा सखी मंजू ने नर्सिंग स्टाफ एएनएम के साथ एक जागरूकता संवाद आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और साइबर अपराध जैसी घटनाओं में मिलने वाली कानूनी सहायता की जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद एएनएम स्टाफको बताया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में गांवों की महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करें। साथ ही महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस व हेल्पलाइन सेवाओं का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर खुलकर चर्चा हुई और उपस्थित स्टाफने भी अपने अनुभव साझा किए।

अंत में सभी को समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

# ऑटो ड्राइवरों का प्रदर्शन, सीएनजी पंप की मांग

घरेलू सिलेंडर से भरते थे गैस, अब कमी होने से नहीं चला पा रहे ऑटो



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में सीएनजी पंप खोलने की मांग को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों ऑटो ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। वे अपने ऑटो के साथ उपखंड कार्यालय पहुंचे और उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा। ड्राइवरों ने बताया कि गैस की किल्लत और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण उनकी आजीविका पर संकट आ गया है।

### घरेलू सिलेंडर से ऑटो में भरते थे गैस

ऑटो ड्राइवरों के अनुसारए नोखा में सीएनजी पंप न होने के कारण वे अपने वाहनों में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस भरते थे। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की परिस्थितियों के चलते गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे घरेलू गैस की उपलब्धता भी मुश्किल हो गई है।

### सीएनजी पंप खोलने की मांग

इस स्थिति के कारण गैस पर निर्भर सैकड़ों ऑटो के पहिए थम गए हैं। इससे ऑटो ड्राइवरों की आय बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारी ड्राइवरों ने प्रशासन से नोखा उपखंड मुख्यालय पर जल्द से जल्द एक सीएनजी पंप स्थापित करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे उन्हें नियमित रूप से गैस मिल सकेगी और उनका रोजगार सुचारु रूप से चल पाएगा।

### नवलीगेट क्षेत्र में नया रास्ता बनाने की मांग

उन्होंने यह भी मांग की कि गैस की कमी के कारण ऑटो न चल पाने से उनकी आय रुक गई है, इसलिए फाइनेंस कंपनियों से लिए गए ऑटो ऋण की किस्तों में राहत प्रदान की जाए। इसके अलावा, नवलीगेट क्षेत्र में ऑटो संचालन के लिए रास्ता उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई।

ऑटो ड्राइवरों ने उम्मीद जताई कि नोखा में सीएनजी पंप शुरू होने से सैकड़ों ऑटो ड्राइवरों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जिससे उनका रोजगार फिर से पटरी पर आ सकेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मगनाराम केड़ली, एडवोकेट मनोज भार्गव, हनुमान जाट, संतोष महाराज सहित दर्जनों ऑटो चालक और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# कांस्टेबल भर्ती-2025 : रिव्यू के बाद 10 अभ्यर्थियों का नव चयन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा कानिस्टेबल भर्ती-2025 के अंतर्गत जिला सीकर में कानिस्टेबल सामान्य नॉन टीएसपी के वर्गवार 114 एक खेल कोटा सहित रिक्त पदों की पूर्ति के लिए गठित चयन बोर्ड द्वारा चयन सूची के अनुसार 113 अभ्यर्थियों की वरिष्ठता के आधार पर चयन सूची जारी की गई थी। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल सामान्य ड्यूटी जिला सीकर के विज्ञापित पदों पर भर्ती में नियुक्ति के अनिच्छुक, अन्यत्र नियोजित अथवा अन्य कारणों से रिक्त रहे पदों को भरने के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राजस्थान, जयपुर द्वारा रिव्यू कार्यवाही के लिए चयन बोर्ड का गठन किया गया। गठित बोर्ड द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार रिक्त रहे पदों की पूर्ति के लिए रिव्यू बोर्ड की कार्यवाही कर संशोधित चयन सूची तैयार की गई। रिव्यू चयन सूची में कानिस्टेबल सामान्य पद के लिए 10 अभ्यर्थियों का वरीयता के आधार पर नव चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि रिव्यू उपरांत नव चयनित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर 210095696, 210163077, 210191119, 210098467, 210069654, 210026288, 210142289, 210085769, 210142084 तथा 210185659 हैं।

उन्होंने बताया कि चयन बोर्ड द्वारा तैयार की गई रिव्यू सूची का सक्षम स्तर से अनुमोदन होने के उपरांत इसे राजस्थान पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

# ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक 16 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सीकर सत्यनारायण चौहान ने बताया कि सीकर जिले में ई-गवर्नेंस के बेहतर उपयोग, आमजन को सूचना के सुगम आदान-प्रदान तथा राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर ई-गवर्नेंस सोसायटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 16 मार्च 2026 को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक बैठक के साथ की जाएगी।

# राजीविका का वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा ब्लॉक में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका ने श्बेटी बचाओ क्लस्टर के तहत एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं के उपयोग, नियमित बचत की आदत विकसित करने, डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए वित्तीय प्रबंधन के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर परए एसबीआई पीपली चौक शाखा के प्रबंधक शरद शर्मा ने बताया कि वित्तीय साक्षरता महिलाओं को अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने महिलाओं को बैंक खातों के सही उपयोग, बीमा एवं पेंशन योजनाओं के लाभ और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से आए अशोक कुमावत ने वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल या संदेश से सावधान रहने की सलाह दी। राजीविका ब्लॉक इंचार्ज पवन बिश्नोई ने उपस्थित महिलाओं को नियमित बचत करने, डिजिटल लेन-देन को अपनाने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक से अभिषेक सैनी, एयू बैंक से दीपक सोनी, रामनिवास तथा बैंक मित्र उर्मिला, चंपा, सुमन और सरिता सहित भगवती, परमा क्लस्टर मैनेजर, रामप्यारी देवी, किरण, पप्पू और कौशल्या क्लस्टर कोऑर्डिनेटर जैसे कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में, प्रतिभागियों ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। ये शिविर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# बधाई : प्रिंस मान कैप्टन पद चयनित

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** भाटीवाड़ गांव की बेटी प्रिंस मान प्रथम प्रयास में आर्मी मेडिकल कोर्प्स भर्ती परीक्षा में कैप्टन पद चयनित हुई । प्रिंस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। वह एमबीबीएस की छात्रा रही है उन्होंने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज पाली राजस्थान से एमबीबीएस की पढ़ाई की है । उन्होंने सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी की पढ़ाई गुढ़ा पब्लिक स्कूल गुढ़ागौड़जी से उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की है।

उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और उसके ननिहाल लोयल में आसपास के क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। प्रिंस की सफलता इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान का सहारा लिए गांव में रहकर स्वाध्याय के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद उन्होंने निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी की। उनकी यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है सच्ची लगन और आत्मविश्वास के सामने संसाधनों की कमी सफलता में कभी आड़े नहीं आती। भाटीवाड़ गांव की प्रिंस पहली ऐसी बेटी होगी जो आर्मी मेडिकल कोर्प्स कैप्टन के पद पर पंजाब के फिरोजपुर में नियुक्ति हुई है।

6 माह के बाद इसका प्रशिक्षण लखनऊ में होगा। कैप्टन प्रिंस मान चनाना के आसपास के क्षेत्र में लड़कियों के लिए देश की रक्षा के लिए कैप्टन पद पर नियुक्ति होना बड़ी बात है। यह नियुक्ति आसपास क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत होगी। देश सेवा में झुंझुनू जिला पुरुषों में सबसे अग्रणी जिला रहा है तो कैप्टन प्रिंस मान ने झुंझुनू की महिला भी पुरुषों से कम नहीं है यह मुकाम हासिल कर दिखाया है। प्रिंस ने ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए नई राह खोली है और शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दिया व ग्रामीण लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता शिक्षिका सुनीता देवी, पिता विजय पाल मान, दादी संतरा देवी, नाना विद्याधर काजला एवं नानी शांति देवी को देती है जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला अफजाई किया है। शिक्षा के प्रति पूरे परिवार ने उन्हें जागृत व प्रेरित किया। जिनका मार्गदर्शन और सहयोग उन्हें लगातार मिलता रहा। कैप्टन प्रिंस मान की तैयारी के दौरान हर समय उनका छोटे भाई लक्ष्य मान जो बीएससी बीएड है एवं वर्तमान में राजस्थान प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहा है। लक्ष्य अपनी बहीन का हर समय हर संभव सहयोग प्रदान किया। प्रिंस मान ने कहा कि परिवार के विश्वास और समर्थन ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

प्रिंस मान की सफलता की खबर मिलते ही गांव में बधाइयों का तांता लग गया। ग्रामीणों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। युवाओं ने इसे प्रेरणा स्रोत मानते हुए कहा कि कैप्टन प्रिंस मान ने यह साबित कर दिया है कि गांव की बेटियां भी उच्च शिक्षा और सेना प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। प्रिंस मान का चयन कैप्टन के पद पर पंजाब के फिरोजपुर में कार्यभार ग्रहण करेगी। वह आगे भी क्षेत्र के लिए शिक्षा में अपना योगदान देती रहेगी। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय सेवा में महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर और ग्रामीण महिला पुरुषों को उच्च शिक्षा सैनिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्रिंस मान की सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और प्रिंस मान ग्रामीण प्रतिभा की शक्ति व महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बनकर उभरी है।

# कार्य करने की प्रवृत्ति में सुधार करें : यादव



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ ने जिले के विकास अधिकारियो और सहायक अभियंताओ से विभिन्न योजनाओं का पीपीटी से फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र में चल रहे नरेगा कार्यों का निरीक्षण कर विभिन्न मापदंडों की समीक्षा करते समस्त कार्यों की जिओ टेग, सत प्रतिशत श्रमिकों की ई केवाईसी, समयबद्ध भुगतान एवं रिजेक्ट पेमेंट से संबंधित कारवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पन्द्रहवा वित व चौदहवां वित्त आयोग योजना, पंचम व षष्ठम वित्त आयोग, राजीव गांधी जल संचय, राम विलेज मास्टर प्लान, अटल भू-जल योजना सहित जिला परिषद द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में वरिष्ठ लेखा अधिकारी महेन्द्र, अधिशासी अभियंता विजेंद्र सिंह ढाका, सहित सभी पंचायत समितियों से विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता, अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों की अनावश्यक बुकिंग एवं संग्रहण ना करें

## जिले में दस एजेंसियों पर उपखण्ड अधिकारियों ने मारे छापे

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** खाद्य विभाग जयपुर एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा सीकर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिले में 10 गैस एजेन्सियों की जांच की गई जिसमें उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ शेखावाटी द्वारा अम्बिका गैस एजेन्सी, उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ द्वारा सोमानी गैस एजेन्सी लक्ष्मणगढ़ एवं लक्ष्मणगढ़ गैस सर्विस, उपखण्ड अधिकारी रींगस द्वारा पवन गैस एजेन्सी, उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना द्वारा छावनी गैस एजेन्सी एवं मोन्टू गैस एजेन्सी, उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा मारूति नन्दन एचपी गैस सर्विस, श्रीमाधोपुर की जांच की गई तथा जिला रसद अधिकारी सीकर एवं संदीप सीओ सीटी सीकर द्वारा 3 गैस एजेन्सियों कालेर गैस एजेन्सी, देव गैस एजेन्सी एवं भगवती गैस एजेन्सी सीकर की जांच की गई। दौरान जांच एजेन्सियो पर सिलेण्डरों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा यह भी जांच की गई कि बुकिंग के अनुरूप आपूर्ति दी जा रही है या नहीं। जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने बुकिंग ने अनुरूप आपूर्ति नहीं करने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर द्वारा उपखण्ड अधिकारियों के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच कमेटी भी गठित की गई है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे तथा गैस एजेन्सियों की जांच भी करेंगे। सभी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर परिषद सीकर को नगरीय क्षेत्र के मुख्य स्थानो पर घरेलू गैस सिलेण्डर के संबंध में बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नम्बर 181, 112 एवं विभागीय हैल्पलाईन नम्बर 14435 होर्डिंग पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये तथा कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जिला कंट्रोल रूम दूरभाष नम्बर 01572-251008 है। जिले में घरेलू एवं व्यवसायिक सिलेण्डरों की मांग व आपूर्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिले में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार भी कमी नही है। आज तेल कम्पनियों के विक्रय अधिकारियो से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार सुबह का प्रारम्भिक स्टॉक लगभग 21500 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा लगभग 16000 घरेलू गैस सिलेण्डरों की जिला सीकर में आवक हुई। जिला सीकर में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ता किसी भी प्रकार से भयभीत ना रहे एवं अनावश्यक बुकिंग एवं अनावश्यक घरेलू गैस सिलेण्डरों का संग्रहण न करे।

# सन ऑफ सरदार 2का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सन ऑफ सरदार 2 का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर इस रविवार, 15 मार्च को रात 8 बजे स्टार गोल्ड पर होगा। कॉमेडी और पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर इस फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी के किरदार में नजर आएंगे। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म की कहानी जस्सी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी निजी जिंदगी की उलझनों को सुलझाने के लिए स्कॉटलैंड जाता है लेकिन वहां वह कई मजेदार और अजीब परिस्थितियों में फंस जाता है। एक युवती सबा की अपने प्रेमी से शादी कराने में मदद करते हुए जस्सी एक बड़ा झूठ बोल देता है जिसके बाद गलतफहमियों और हास्य से भरी घटनाओं की श्रृंखला शुरू हो जाती है। अजय देवगन ने कहा कि इस बार जस्सी की कहानी में स्कॉटलैंड की पृष्ठभूमि, भरपूर कॉमेडी और पंजाबी अंदाज देखने को मिलेगा। उनका मानना है कि दर्शक इस फिल्म का परिवार के साथ आनंद लेंगे। फिल्म का प्रसारण 15 मार्च को रात 8 बजे स्टार गोल्ड पर किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सीकर न्यायक्षेत्र स्थित समस्त न्यायालयों में 14 मार्च 2026 शनिवार को इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया कि लोक अदालत मुकदमों के निस्तारण का सस्ता, सुलभ एवं सौहार्द्रपूर्ण उपाय हैं।

लोक अदालत के माध्यन से निपटाए गए प्रकरणों में पक्षकारों द्वारा कोर्ट फीस के रूप में अदा किये गये राशि पक्षकारों को लौटा दी जाती हैं जिससे पक्षकारों को सस्ता न्याय प्राप्त होता हैं। लोक अदालत की प्रक्रिया पक्षकारों की सहमति मात्र पर आधारित होने से इसमें कोई तकनीकी पेचीदगी नहीं होती है। इस प्रकार यह प्रक्रिया पक्षकारों के मध्य पारस्परिक वैमनस्य को दूर कर पारस्परिक सौहार्द्र एवं सामंजस्य की स्थापना करने में भी सहायक साबित होती हैं। लोक अदालत के माध्यम से निपटाये गये प्रकरणों को फैसला अंतिम होता है और इसकी कोई अपील नहीं हो सकती, जिस कारण पक्षकारों को दीर्घकालीन मुकदमेबाजी से छुटकारा प्राप्त होता है। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित मुकदमों के अलावा ऐसे संभावित प्रकरणों को भी प्री-लिटिगेशन के रूप में निपटाया जा सकता हैं जिनमें भविष्य में मुकदमेबाजी की संभावना हो। मूल रूप से ऐसे प्रकरण बैंकों द्वारा पक्षकारों को दिये गये ऋणों की किश्त वसूली बाबत बिजली-टेलिफोन के बकाया बिलों की वसूली से संबंधित होते हैं। 14 मार्च शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए सीकर जिला मुख्यालय, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, रींगस, दांतारामगढ़, खण्डेला एवं धोद पर कुल 21 बैंचे गठित की गयी है जो सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रकरणों की सुनवाई एवं राजीनामें की कार्यवाही करेंगी।

# ख्याति प्राप्त डॉ दुर्गादत्त गौड़ का हुआ नागरिक अभिनंदन

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के पंडितपुर रामेश्वरम शिवालय के प्रांगण में आयोजित नगर गौरव सम्मान समारोह में देश-विदेश में ख्याति प्राप्त नगर के डॉक्टर दुर्गादत्त (डी.डी.) गौड़ का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक व सेवाभावी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सभा स्थल पर अपनी उपस्थिति देकर सनातन रीति-रिवाज से डॉ गौड़ का सम्मान किया। डॉक्टर गौड़ ने मानव सेवा के लिए चिकित्सा क्षेत्र को चुना और एमबीबीएस की उपाधि स्वर्ण पदक के साथ प्राप्त की और विदेशों में भी अध्ययन करके अपने देश व नगर का गौरव बढ़ाया। चिकित्सा के क्षेत्र में अपने सैकड़ो पत्रों का वाचन देश-विदेश में कर चुके हैं। अपने विश्व इंडो यूरोलॉजी कांग्रेस के सन 1992 से 1997 तक अध्यक्ष रहकर अपने देश व नगर का गौरव बढ़ाया है। आपने देश और विदेश में अनेक बार देश का गौरव बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किए हैं। आयोजित सम्मान समारोह में कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, स्मिता गौड़ व शिवकुमार गौड़ ने उनका जीवन परिचय सेवा कार्यों को बताया और अरविंद मिश्रा ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अनिल लाटा ने कहा कि डॉ साहब के जीवन संघर्ष सेवा भाव हम सबके लिए अनुकरणीय है। अपने संबोधन में गौड़ ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए बचपन की कहानियों व यादों को साझा किया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद, छ: न्याति ब्राह्मण महासभा सहित नगर की एक दर्जन सामाजिक व सेवाभावी संस्थाओं ने डॉ गौड़ का शॉल, साफा, पुष्पमाला व मोमेंटो देकर सम्मान किया। प्रदेश गौड़ समाज व रतनगढ़ विकास समिति के अध्यक्ष विजयकुमार हरितवाल की ओर से उनके प्रतिनिधि देवीदत्त हारित, ओमप्रकाश भोजक व ओम सारस्वत ने डॉ गौड़ का सम्मान किया। डॉ बनवारीलाल गौड़ व सुशील हारित ने समारोह में सभी आगंतुकों का सम्मान किया। आयोजित सम्मान समारोह में सत्यनारायण सेवदा, अंबिकाप्रसाद हारित, बद्रीप्रसाद बनसिया, चतुर्भुज गोस्वामी, मनोज जोशी, विष्णुदत्त धरड, विनोदकुमार चोटिया, संदीप व्यास, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, जयप्रकाश ताम्रायत, धनराज, रवि इंदौरिया, करणीसिंह, श्रीप्रकाश सारस्वत, रामदेव शर्मा, विजय कुमार भाटी, उम्मेद मिश्रा, शिवकरण सारस्वत, राजकुमार सारस्वत, अशोक गौड़, दीनदयाल साखोलिया, पवन पुजारी, रामधन पुजारी सहित नगर के सैकड़ों गणमान्य उपस्थित थे। समारोह का संचालन कुलदीप व्यास ने किया।

# सनातन वैदिक भारतीय नववर्ष पर होगा यज्ञ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सनातन वैदिक भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल 2083 के शुभारंभ एवं आर्य समाज स्थापना के 151वें वर्ष के अवसर पर 20 मार्च को गांधी पथ वैशाली नगर स्थित जानकी मैरिज गार्डन में यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 108 यज्ञ कुण्डों पर यजमान सुगंधित, पुष्टिकारक, रोगनाशक, साकल्य हवन सामग्री से आहुतियां देंगे, पूर्ण वैदिक रीति से आयोजित इस यज्ञमहोत्सव के ब्रह्मा वैदिक विद्वान् आचार्य उर्षबुध होंगे। आयोजन के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन पोकरण विधायक स्वामी प्रतापपुरी महाराज ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सत्य सनातन भारतीय वैदिक नववर्ष 2083 का शुभारंभ देशवासियों के लिए सुख शांति एवं समृद्धि दायक हो, हम इस महान् संस्कृति के रक्षक एवं पोषक बने, प्राचीन काल से ही ऋषि महर्षियों द्वारा स्थापित यज्ञपरंपरा हमारी संस्कृति का मूल आधार है, संस्कृति के संरक्षण के लिए हमें ऐसे कार्यों से जुड़ना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि महंत प्रतापपुरी, आईसी अग्रवाल ने यज्ञ महोत्सव पत्र विमोचन के साथ ही कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सीकर, पतंजलि ग्रामोद्योग हरिद्वार के महामंत्री डॉक्टर यशदेव शास्त्री पतंजलि योग समिति के संरक्षक सदस्य महेंद्र यादव आदि उपस्थित रहेंगे।

## सम्पादकीय

### मुसीबत बने ट्रंप विश्व के साथ अमेरिका को भी चुकानी होगी इसकी कीमत



ईरान ने जिस तरह यह चेतावनी दी कि विश्व दौ सौ डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल खरीदने के लिए तैयार रहे, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र वाले समुद्री मार्ग होर्मुज से तेल टैंकरों को निकलने की अनुमति देने वाला नहीं है। उसने इसका संकेत होर्मुज जल मार्ग में कुछ तेल टैंकरों पर हमला करके भी दिया। वह ऐसा करके खाड़ी के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित करने के इरादे ही प्रकट कर रहा है। वह तेल टैंकरों पर हमला करने के साथ ही खाड़ी के देशों के तेल एवं गैस ठिकानों को भी निशाना बना रहा है।

इसके चलते कुछ जगहों पर तेल एवं गैस का उत्पादन रोकना पड़ा है। इसका सीधा मतलब है कि ईरान तेल एवं गैस आपूर्ति संकट को और अधिक गहराना चाहता है, ताकि दुनिया में हाहाकार मचे और इसके नतीजे में खाड़ी के देशों के साथ अन्य देश अमेरिका एवं इजरायल पर इसके लिए दबाव बनाएं कि वे ईरान पर हमले बंद करें। इसमें संदेह है ईरान पर इसका कोई असर पड़ेगा कि 135 देश उसकी ओर से खाड़ी के देशों को निशाना बनाए जाने के कारण संयुक्त राष्ट्र में उसके खिलाफ निंदा प्रस्ताव ले आए।

चूंकि ईरान यह भी दिखा रहा है कि वह पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित करने के साथ ही सैन्य संघर्ष लंबा खींचना चाहता है, इसलिए अमेरिका को विश्व के समक्ष गहराते ऊर्जा संकट को खत्म करने के लिए सक्रियता दिखानी होगी। उसने इजरायल के साथ ईरान पर हमला करके न केवल पश्चिम एशिया को अस्थिर एवं अशांत किया है, बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष ऊर्जा आपूर्ति का संकट खड़ा करने का काम किया है। उसे यह पहले दिन से पता होना चाहिए था कि ईरान पर हमला करने और युद्ध लंबा खिंचने की स्थिति में तेल एवं गैस की किल्लत पैदा होगी और इसके दुष्परिणाम उसके साथ पूरी दुनिया को भोगने पड़ेंगे। फिलहाल ऐसी ही स्थिति बन रही है। भारत समेत अनेक देशों को अन्य स्रोतों से तेल एवं गैस हासिल करना कठिन हो रहा है। उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। यह निराशाजनक है और चिंताजनक भी कि अमेरिका ने ईरान को निशाना बनाकर जो संकट खड़ा किया, उसके समाधान के लिए वह बहुत अधिक तत्पर नहीं दिखता।

अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की सैन्य शक्ति कुंद करने के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं, लेकिन वे इजरायल और खाड़ी देशों में उसके जवाबी हमले नहीं रोक पा रहे हैं। उनका यह दावा भी थोथा दिख रहा है कि अमेरिका होर्मुज जल मार्ग से तेल एवं गैस टैंकरों का सुरक्षित निकलना सुनिश्चित करेगा। पहले अपनी मनमानी टैरिफ नीति से सबको तंग करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति अपने गैर-जिम्मेदाराना रवैये से दुनिया के लिए और बड़ी मुसीबत बन गए हैं। विश्व के साथ अमेरिका को भी इसकी कीमत चुकानी होगी।

## विशेष आलेख

# युद्ध के बावजूद ईरान की हवा साफ, मगर शांति के बावजूद दिल्ली, मुंबई में एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

पश्चिम एशिया इस समय युद्ध की आग में झुलस रहा है। लेबनान, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और इजराइल के कई इलाकों में मिसाइल हमले और बमबारी जारी हैं। कई शहरों के ऊपर तेल और धुएं के काले गुबार उठते दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि इन युद्ध प्रभावित इलाकों की हवा भारत के कई प्रमुख शहरों से कहीं ज्यादा साफ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़े बताते हैं कि युद्ध क्षेत्र में भी हवा का स्तर दिल्ली और मुंबई जैसे भारतीय महानगरों से बेहतर बना हुआ है।



11 मार्च 2026 को भारतीय समयानुसार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता मंच एक्यूआई डाट इन के आंकड़ों के अनुसार तेहरान का एक्यूआई लगभग 33 दर्ज किया गया, जबकि उसी समय दिल्ली का एक्यूआई 63 था। दिन के दौरान भी स्थिति इसी तरह रही। दोपहर बारह बजे तेहरान का अधिकतम एक्यूआई 47 रहा, जो अच्छे स्तर में आता है। इसके विपरीत दिल्ली में सुबह आठ बजे एक्यूआई 323 तक पहुंच गया, जो अत्यंत खराब श्रेणी में आता है।

यह स्थिति तब है जब तेहरान और आसपास के क्षेत्रों में तेल भंडार और ऊर्जा ढांचे पर हमलों के कारण धुएं और जहरीली गैसों की आशंका बनी हुई है। सोशल मीडिया पर आठ मार्च की रात तेहरान के ऊपर काले धुएं के घने बादल दिखने के दृश्य सामने आए थे। यहां तक कि कुछ इलाकों में काली वर्षा की भी खबरें आईं, जो तेल भंडार में लगी आग और रासायनिक धुएं का परिणाम मानी जा रही हैं। लोगों ने गले में जलन और आंखों में खुजली की शिकायत की, और प्रशासन ने नागरिकों को घर के भीतर रहने की सलाह दी।

इसके बावजूद वास्तविक समय के आंकड़े बताते हैं कि तेहरान में एक्यूआई अधिकतर समय शून्य से पचास के बीच यानी स्वस्थ श्रेणी में बना रहा। यह तथ्य भारतीय शहरों की वायु गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है क्योंकि भारत के कई महानगरों में वायु प्रदूषण लगातार खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में रहता है।

विशेषज्ञों के अनुसार भारत में प्रदूषण की समस्या मुख्य रूप से स्थानीय कारणों से पैदा होती है। सबसे बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है। तेजी से बढ़ती निजी गाड़ियों की संख्या नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों को बढ़ाती है। यही वजह है कि दिल्ली के साथ-साथ बेंगलुरु, हैदराबाद और लखनऊ जैसे शहर भी समय समय पर खराब हवा से जूझते रहते हैं।

इसके अलावा निर्माण कार्य से उठने वाली धूल, उद्योगों और बिजली संयंत्रों से निकलने वाले धुएं तथा ईंट भट्ठों से उत्सर्जित गैसें भी प्रदूषण को बढ़ाती हैं। डीजल जनरेटर से निकलने वाला धुआं और सड़कों की धूल इस समस्या को और गंभीर बनाते हैं। ग्रामीण इलाकों में खाना पकाने के लिए लकड़ी, गोबर और जैव ईंधन जलाने से भी हवा में प्रदूषण बढ़ता है।

उत्तर भारत में एक और महत्वपूर्ण कारण खेतों में पराली जलाना है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से धुआं बड़ी मात्रा में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक पहुंचता है और सर्दियों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब कर देता है।

भौगोलिक स्थिति भी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एक तरह के निचले बेसिन में स्थित है। इसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण पश्चिम में अरावली पर्वतमाला और दक्षिण में प्रायद्वीपीय पठार हैं। इस कारण प्रदूषक तत्व यहां फंस जाते हैं और आसानी से बाहर नहीं निकल पाते। साथ ही उत्तर पश्चिम से बलूचिस्तान और थार मरुस्थल की ओर से आने वाली धूल भी प्रदूषण को बढ़ाती है।

इसके विपरीत तेहरान, तेल अवीव, बेरूत और दुबई जैसे कई पश्चिम एशियाई शहर समुद्र के नजदीक स्थित हैं या ऐसे क्षेत्रों में हैं जहां हवाएं प्रदूषकों को तेजी से फैलाकर साफ कर देती हैं। समुद्र के किनारे होने के कारण हवा का प्रवाह बेहतर रहता है और प्रदूषण का जमाव कम होता है।

वहीं मुंबई समुद्र किनारे होने के बावजूद प्रदूषण से जूझता है। विशेषज्ञों के अनुसार इसका मुख्य कारण स्थानीय स्रोत हैं, खासकर वाहनों की अत्यधिक संख्या। मुंबई में वाहनों का घनत्व कई शहरों की तुलना में कई गुना ज्यादा है, इसलिए यहां प्रदूषण का स्तर भी ऊंचा बना रहता है।

इसके अलावा, युद्ध से होने वाला प्रदूषण भी एक अलग प्रकृति का होता है। बमबारी या आग लगने से भारी मात्रा में धुआं और जहरीली गैसें निकलती हैं, लेकिन यह प्रदूषण अक्सर अस्थायी होता है। जब आग बुझ जाती है या घटना समाप्त हो जाती है तो उस स्रोत से निकलने वाला प्रदूषण भी रुक जाता है। इसके विपरीत वाहनों, उद्योगों और निर्माण कार्य से निकलने वाला धुआं लगातार हवा में जाता रहता है, जिससे लंबे समय तक प्रदूषण बना रहता है।

हम आपको यह भी बता दें कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाल के दिनों में दिखाई दी गई स्मॉग को लेकर भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह ईरान में तेल रिफाइनरी पर हमलों से जुड़ी हो सकती है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्मॉग दरअसल पश्चिमी हवाओं के साथ आई मरुस्थलीय धूल का परिणाम है।

हम आपको बता दें कि पांच से सात मार्च के बीच बलूचिस्तान और मध्य पाकिस्तान से चली तेज पश्चिमी हवाएं राजस्थान के थार मरुस्थल से होकर गुजरीं और बड़ी मात्रा में धूल को उत्तर पश्चिम भारत तक ले आईं। हवा में तैरते ये धूल कण आकाश को धूसर और भूरा बना देते हैं और दृश्यता कम कर देते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान में हुए विस्फोटों का प्रदूषण भारत तक पहुंचने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि दोनों क्षेत्रों के बीच लगभग ढाई से तीन हजार किलोमीटर की दूरी है। इतनी लंबी दूरी तय करते समय प्रदूषक तत्व काफी कमजोर हो जाते हैं।

देखा जाये तो वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों के फेफड़ों के विकास पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है और फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। एक हालिया वैश्विक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में लगभग सत्रह लाख अठारह हजार लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण हुई।

युद्ध क्षेत्र में उठने वाला धुआं भले ही डरावना दिखाई दे, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार भारत के शहरों में फैला स्थायी प्रदूषण कहीं ज्यादा खतरनाक है। यह धीरे धीरे लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और एक तरह से अदृश्य हत्यारा बन जाता है। बहरहाल, इस पूरी स्थिति से एक स्पष्ट संदेश मिलता है कि भारत में प्रदूषण से निपटने के लिए वाहनों के उत्सर्जन, उद्योगों के धुएं, निर्माण धूल और पराली जलाने जैसी समस्याओं पर सख्त नियंत्रण जरूरी है। जब तक इन स्रोतों को प्रभावी तरीके से नियंत्रित नहीं किया जाएगा, तब तक देश के शहरों में स्वच्छ हवा का सपना अधूरा ही रहेगा।

## आज का राशिफल

### मेष
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृष
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। किसी अपने का व्यवहार दु:ख पहुंचाएगा।

### मिथुन
कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। थकान महसूस हो सकती है। आलस्य हावी रहेगा।

### कर्क
पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें।

### सिंह
सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का वक्त मिलेगा।

### कन्या
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें।

### तुला
बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

### वृश्चिक
चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

### धनु
भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। आलस्य न करें। निवेश शुभ रहेगा।

### मकर
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें।

### कुंभ
कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें।

### मीन
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# प्रेगनेंसी में पिएं इलायची का पानी सेहत को मिलेंगे यह खास फायदे



प्रेगनेंसी के दौरान खानपान का ध्यान रखना बहुत जरूरी माना जाता है। गर्भ में पलने वाले शिशु का सही तरीके से विकास हो सके इसके लिए प्रेगनेंसी में महिलाओं को पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी जाती है। हालांकि प्रेगनेंसी में क्या खाया जाए और क्या नहीं इसको लेकर दिमाग और मन में कंफ्यूजन बना रहता है। प्रेगनेंसी के इन्हीं चीजों में से एक है इलायची के पानी का सेवन करना।

**उल्टी की समस्या से दिलाता है राहत :** प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को अक्सर उल्टी और जी मिचलाना जैसी समस्या होती है। प्रेगनेंसी के दौरान उल्टी की समस्या से राहत पाने के लिए इलायची का पानी बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। इलायची में इलायची में एंटीस्पास्मोडिक और एंटी-ब्लोटिंग गुण भी पाए जाते हैं, जो पाचन संबंधी समस्याओं से भी राहत दिलाने में मदद करते हैं।

**कैंसर से बचाव में सहायक :** इलायची में पाए जाने वाले लिमोनेन, सिनोल, एस्टर्स जैसे पोषक तत्व कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव करने में मदद कर सकते हैं। इलायची पर हुई रिसर्च में ये बात सामने आई है कि इसका सेवन करने से शरीर में कैंसर के सेल्स को घटाने में मदद मिलती है। यही कारण है कि प्रेगनेंसी में महिलाओं को इलायची के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

**हाई ब्लड प्रेशर को करता है कंट्रोल :** प्रेगनेंसी के दौरान हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कई गुणा होता है। हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए कई बार महिलाएं दवाओं का सहारा लेती हैं। प्रेगनेंसी में हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए इलायची का पानी काफी मददगार साबित हो सकता है। एनसीबीआई की रिसर्च में ये बात सामने आई है कि इलायची में पोटेशियम पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

### स्ट्रेस को करता है कम

प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। हार्मोनल बदलाव की वजह से महिलाओं को अक्सर तनाव महसूस होता है। प्रेगनेंसी के दौरान होने वाले स्ट्रेस को कम करने में इलायची का पानी काफी फायदेमंद साबित होता है।

### संक्रमण से बचाव करने में करता है मदद

इलायची में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है एंटीमाइक्रोबियल प्रभाव। एंटीमाइक्रोबियल होने के कारण इलायची का पानी प्रेगनेंसी के दौरान होने वाले संक्रमण से बचाव करने में मदद करता है।

# दाद होने पर इस तरह लगाएं नीम का तेल, दूर होगी कई समस्या



नीम का इस्तेमाल चेहरे व त्वचा की सुंदरता को बढ़ाने के लिए सालों से किया जा रहा है। इसमें कई औषधीय गुण होते हैं। जो आपकी त्वचा को रोगों से मुक्त रखकर उसे चमकदार बनाता है। आयुर्वेद में नीम का उपयोग कई बीमारियों की दवाओं में किया जाता है। नीम की पत्तियां, पेड़ की छाल के साथ ही नीम का तेल भी आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाता है। इसमें एंटी बैक्टीरियल व एंटी सेप्टिक गुण होते हैं, इसकी वजह से नीम को कई प्रोडक्ट में इस्तेमाल किया जाता है। इससे बालों की डैंड्रफ, जुएं व बालों के झड़ने की समस्या को भी कम किया जा सकता है।

### दाद क्या होता है?

दाद एक स्किन इंफेक्शन है। यह एक सामान्य रुप का स्किन इंफेक्शन होता है। यह समस्या किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। दाद की समस्या पसीने की वजह से होती है। खासकर बच्चों को ये समस्या परेशान करती है। दाद की समस्या शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। त्वचा पर फंगस की वजह से दाद की समस्या हो जाती है। इसे ही दाद का मुख्य कारण माना जाता है। इस समसया में एक गोले के आकार का इंफेक्शन हो जाता है। ये एक संक्रामक समस्या होती है, जो एक से दूसरे व्यक्ति को आसानी से हो सकती है।

### नीम के तेल से दाद का इलाज कैसे करें?

नीम के तेल में एंटी फंगल गुण होते हैं। इस वजह से नीम के तेल से दाद की समस्या को कम किया जा सकता है। इसके नियमित इस्तेमाल से फंगल इंफेक्शन कम होने लगता है। नीम के तेल में विटामिन ई, ओमेगा 6 और ओमेगा 9 फैटी एसिड पाया जाता है, जो त्वचा को रोग मुक्त रखते हैं। दाद के अलावा नीम का तेल खुजली, मुंहासों और रैशज को भी ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है। नीम का तेल इस्तेमाल करते समय आप इसमें किसी अन्य चीज को नहीं मिलाएं। नीम में एंटीहिस्टामाइन होता है, जो आपकी त्वचा से दाद की ललिमा और खुजली को शांत करता है। नीम में प्राकृतिक एंटी वायरल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण होते हैं, जो दाद के कारण होने वाली त्वचा को दोबारा ठीक करने का काम करता है। इसके अलावा नीम में एंटी ऑक्सीडेंट्स तत्व भी पाए जाते हैं, जो आपकी त्वचा को रिपेयर और उसे स्वस्थ बनाता है। इंफेक्शन के समय नीम का तेल इस्तेमाल करने से त्वचा की इलास्टिसिटी बेहतर होती है।

### नीम का तेल कैसे बनाएं?

नीम के पेड़ से पत्तियां तोड़ लें। इसके बाद आप इन पत्तियों को एक कटोरे में रख लें और इन सभी का पेस्ट बना लें। इन पत्तियों के साथ नारियल तेल मिलाएं। नारियल तेल भी त्वचा के लिए लाभदायक होता है। इसके बाद आपको जितना तेल बनाना होता उसमें नारियल तेल डाल दें। अब इस तेल को धीमी आंच पर करीब आधा घंटा पकने दें। जब ये तेल उबल जाए तो उसे गैस से उतार कर ठंडा होने दें। इसके बाद इसे एक बोतल में छानते हुए भर लें। आपको जब जरूरत हो इसे इस्तेमाल करें।

# हार्मोन्स असंतुलित होने पर इस तरह खाएं अलसी के बीज, मिलेगा फायदा

शरीर में हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने और हार्मोनल असंतुलन की समस्या दूर करने में अलसी के बीज बहुत लाभकारी है। यह शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन्स के संतुलन को बढ़ावा देने वाले सबसे पोपुलर फूड्स में से एक हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अलसी के बीज में ऐसे कई जरूरी पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा होती है, जो हार्मोन्स के संतुलन में कई तरह से अहम भूमिका निभाते हैं विशेष रूप से फाइबर और ओमेगा-3। इसके अलावा इनमें मौजूद फाइटोएस्ट्रोजन कंपाउंड एस्ट्रोजन संतुलन में मदद करते हैं। लेकिन अक्सर लोग इस बात को लेकर काफी कंफ्यूज रहते हैं कि हार्मोन्स को संतुलित करने के लिए अलसी के बीज कितनी मात्रा में खाने चाहिए, साथ ही इनका सेवन कैसे करना चाहिए।

**फाइबर से होते हैं भरपूर :** अलसी के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं, इसलिए यह आंत को स्वस्थ रखने के लिए एक बेहतरीन सुपर फूड है।



यह आंत स्वस्थ रखने और हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है।

**एस्ट्रोजन के संतुलन में करते हैं मदद :** अलसी के बीज में लिगनेन नामक फाइटोएस्ट्रोजन होते हैं। जो सीधे तौर पर एस्ट्रोजन के संश्लेषण से जुड़े होते हैं। इस तरह यह हार्मोन्स के संतुलन में सुधार करने में मदद करते हैं।

**ओमेगा-3 एसिड की होती है अच्छी मात्रा :** ओमेगा-3 फैटी एसिड शरीर में सूजन से लड़ने में मदद करते हैं। अलसी के बीज एएलए प्लांट ओमेगा-3 से भरपूर होते हैं और सूजन कम करने में मदद करते हैं। सूजन से जुड़ी हार्मोनल स्थितियों में सुधार करने में यह बहुत लाभकारी हैं जैसे एंडोमेट्रिओसिस और फाइब्रॉइड्स आदि। ओमेगा-3 को पीरियड के दौरान दर्द से राहत प्रदान करने में भी फायदेमंद पाया गया है।

**ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है :** ब्लड शुगर का रेगुलेट न रहना अक्सर हार्मोन्स के असंतुलन का कारण बनता है। यह आमतौर पर पीसीओएस या पेरिमेनोपॉज वाली महिलाओं में देखने को मिलता है जो अंतर्निहित इंसुलिन रेजिस्टेंस को दर्शाता है। अध्ययन में पाया गया है कि अलसी के बीज खाने से हाई ब्लड शुगर और इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम करने में मदद मिलती है।

# भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी तथा प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच पर पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वम्भर पूनिया, जिला महामंत्री डॉ वीरपाल सिंह शेखावत, योगेन्द्र मिश्रा, दलीप सैनी तथा पिलानी विधानसभा प्रत्याशी राजेश दहिया मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई तथा कार्यकर्ताओं ने साफा, दुपट्टा एवं स्मृति चिह्न भेंट कर मुख्य वक्ताओं का सम्मान किया। जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान को मण्डल एवं बूथ स्तर तक सफल बनाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका मजबूत संगठन है और सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए।

प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं को बूथ एवं मण्डल स्तर तक जानकारी पहुंचानी है। वहीं प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि 15 मार्च से 25 मार्च तक प्रत्येक मण्डल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे, जिनमें भाजपा का इतिहास, विचारधारा तथा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र मिश्रा ने किया तथा अंत में दलीप सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष अहलावत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योराण, शौकत अली चौहान, रतन सिंह तंवर, बीएल वर्मा, महावीर ढाका, अजय चाहर, मंजू सैनी, विनोद कुमावत, निखिल शर्मा, सुरेन्द्र रसगणिया, सौरभ सोनी, चन्द्रप्रकाश शुक्ला, मुरली मनोहर शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भोमियाजी मंदिर में तीन युवकों ने की चोरी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मेगाहाईवे स्थित भोमियाजी मंदिर में दिन दहाड़े चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। मंदिर में सेवा पूजा करने वाले मदनलाल प्रजापत निवासी वार्ड नं. 15 ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि 10 मार्च की शाम को जब मैं मंदिर में पूजा अर्चना कर रहा था, तब मैंने देखा कि मंदिर की मूर्ति की छतर गायब था। इसी प्रकार छोटा दान पात्र, शिवजी के चांदी के चांद भी नहीं मिले, जिस पर मैंने अन्य श्रद्धालुओं को सूचना दी। वहीं सीसीटीवी देखने पर पता चला कि तीन युवक बाइक पर आए और यह सामान चोरी करके ले गए। पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। वहीं सीसीटीवी में युवक नकाब लगाए हुए भी नजर आया है।

## समाजसेवी बोथरा ने लगाया वाटर कूलर



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से स्वर्गीय किरण देवी बोथरा धर्मपत्नी स्वर्गीय बाबूलाल बोथरा की स्मृति में उनके सुपुत्र छत्रसिंह बोथरा के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाई स्कूल में 120 लीटर का वाटर कूलर लगाया गया जिसका शुभारंभ शुक्रवार को पंडित बृजेश दाधीच के मंत्रोच्चार के साथ समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू खेडीवाल, विद्यालय एसएमसी सदस्य चंपालाल भाटी, मधु श्रीमाल के कर कमलों से किया गया। पूर्व में बोथरा परिवार के द्वारा ही प्याऊ का निर्माण करवाया गया था। विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू खेडीवाल ने कहा कि छत्रसिंह बोथरा ने बहुत ही शानदार कार्य किया है इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है वाटर कूलर लगने से बच्चों को पीने के लिए भीषण गर्मी में शीतल ठंडा पानी उपलब्ध होगा। युवा विकास समिति के माध्यम से लगातार विद्यालय में कार्य करवाए जा रहे हैं समिति का भी आभार जताया। समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने कहा कि एक छोटे से निवेदन पर छत्रसिंह बोथरा ने वाटर कूलर लगाया है उनका जितना प्रशंसा की जाए उतनी कम उन्होंने आश्वासन दिया है कि आगे भी बोथरा परिवार के द्वारा विद्यालय में कार्य करवाए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री विनोद भाटिया, संरक्षक रतनलाल बारुपाल, मदन दाधीच, उपमंत्री शिवभगवान सोनी, सुरेंद्र टाक, कालूराम तंवर, एडवोकेट जगदीश बालणिया, व्याख्याता जय सिंह बारहठ सहित समिति के सदस्य व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

## कल जयपुर में दौड़ेगा देशभक्ति का जज्बा, पहली बार होगी सोल्जराथॉन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन 2026 का पहला संस्करण 15 मार्च को गांडीव स्टेडियम में आयोजित होगा। इस आयोजन में धावक, फिटनेस प्रेमी और आम नागरिक भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र होंगे। जनसंपर्क अधिकारी रक्षा जयपुर लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि राष्ट्रीय श्रद्धांजलि दौड़ के रूप में आयोजित सोल्जराथॉन का उद्देश्य सैनिकों का सम्मान करना और लोगों को स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के धावकों, फिटनेस समूहों, कॉरपोरेट्स और युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी रहने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मिजोरम के राज्यपाल वी. के. सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह आर्मी कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत चीफ ऑफ स्टाफ, साउथ वेस्टर्न आर्मी कमांड और वंडर सीमेंट के चेयरमैन अशोक पतनी सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। दौड़ में हाफ मैराथन, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी श्रेणियां रखी गई हैं। रनिंग समुदाय के एंबेसडर और पेसर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। यह दौड़ जयपुर मिलिट्री स्टेशन के भीतर आयोजित होगी, जहां प्रतिभागियों को सामान्यतः प्रतिबंधित सैन्य परिसर में दौड़ने का विशेष अवसर मिलेगा। आयोजन को टाइटल स्पॉन्सर के रूप में वंडर सीमेंट का समर्थन प्राप्त है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन फिटनेस, देशभक्ति और सामुदायिक भावना का उत्सव बनेगा।

## तीन घंटे रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** रख रखाव के कार्य के चलते 14 मार्च को शहर के अनेक क्षेत्रों में तीन घंटे तके विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। शहरी कनिष्ठ अभियंता अरूण मीणा ने बताया कि 14 मार्च को सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक मलसीसर रास्ता, कृषि मंडी, प्रगति नगर, स्टेशन रोड़, सरकारी अस्पताल, सांड चौक, नया बाजार, दुलिया बास, कसाई चौक आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## 108 कुंडीय योग महायज्ञ आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** तिलक नगर स्थित योगेश्वर देवीदयाल महामंदिर में 108 कुंडीय योग महायज्ञ और 106वें जन्मोत्सव का आयोजन भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए श्रद्धालुओं व साधकों ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां दी और विश्व शांति व मानव कल्याण की कामना की। आयोजन योग योगेश्वर महाप्रभु रामलाल भगवान, योग योगेश्वर मुलखराज भगवान, योग योगेश्वर देवीदयाल महादेव और योग योगेश्वर सुरेंद्र देव महादेव की प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए 108 कुंडीय यज्ञ के बाद भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचन हुए, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कार्यक्रम श्री योग अभ्यास आश्रम ट्रस्ट के प्रधान योगाचार्य अमित देव महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि योग और यज्ञ जैसे अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देते हैं। इस दौरान योग कॉन्क्लेव, एआईएसी सीजन-3 पोस्टर लॉन्च, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह और महिला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह भी आयोजित किए गए।

## आईआईआईएम के विद्यार्थियों ने रचा नया कीर्तिमान

### आरटीयू में गोल्ड मेडल व उत्कृष्ट रैंक प्राप्त

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट, जयपुर के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। संस्थान की मेधावी छात्रा भूमिका शर्मा ने आरटीयू द्वारा आयोजित एमसीए परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से संस्थान में हर्ष का वातावरण है। इसी क्रम में एमबीए संकाय की छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट रैंक प्राप्त की। वर्षा महेश्वरी ने सातवीं रैंक तथा प्रेरणा खेस्कवानी ने नौवीं रैंक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। वहीं शोध के क्षेत्र में भी आईआईआईएम के शोधार्थियों ने महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। कंप्यूटर साइंस विभाग से दो शोधार्थियों शीतल जोशी और निशा जैन को उनके शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शीतल जोशी ने अपना शोध कार्य प्रो. डॉ. स्वाति वी. चांदे के निर्देशन में तथा निशा जैन ने डॉ. प्रीति तिवारी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके अतिरिक्त एमबीए विभाग के दो शोधार्थियों गुंजन झांझरिया और अनादि त्रिखा को भी उनके शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। गुंजन झांझरिया ने अपना शोध डॉ गर्गी शर्मा के निर्देशन में तथा अनादि त्रिखा ने डॉ काव्या सैनी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। संस्थान प्रबंधन एवं संकाय सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इन उपलब्धियों से न केवल संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा सुदृढ़ हुई है, बल्कि यह आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## जिले में 221055 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड में परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 48 लाख 87 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 221055 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। गिव अप अभियान में सीकर जिले में 1246 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे। प्रत्येक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की उचित मूल्य दुकानदारों के सहयोग से सूची तैयार करेंगे तथा वसूली एवं नोटिस संबंधी कार्यवाही भी करेंगे। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे और वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

## खेल स्टेडियम बनवाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने युवा मामलात एवं खेल विभाग के सचिव डॉ. नीरज के पवन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सुजानगढ़ में जल्द से जल्द खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि अच्छा खेल स्टेडियम नहीं होने से सुजानगढ़ व इसके आस-पास के क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और खेल प्रतिभाओं का समुचित विकास खेल के दृष्टिकोण से नहीं हो पा रहा है।

## होली स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह कल

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** खाण्डल विप्र युवा मण्डल के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 15 मार्च को सायं 7 बजे स्थानीय मंगल भवन में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा संरक्षक खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के सानिध्य में होगा। उक्त जानकारी देते हुए खाण्डल विप्र युवा मंडल अध्यक्ष दिपक डिडवानिया ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक व विशिष्टजन सम्मान भी होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर युवा वर्ग जुटा हुआ है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संविदा सेवा के लिए आवेदन आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया कि विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध संविदा सेवा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सेवानिवृत्त कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह संविदा सेवा अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक अथवा नियमित भर्ती होने तक जो भी पहले होए प्रभावी रहेगी। प्राधिकरण के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय नियंत्रणाधीन स्थाई लोक अदालत सीकर तथा विभिन्न तालुका विधिक सेवा समितियों के लिए सेवाएं ली जानी हैं। इसके अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के लिए 4 पद, स्थाई लोक अदालत सीकर के लिए 2 पद, तालुका विधिक सेवा समिति नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, फतेहपुर, दांतारामगढ़, लक्ष्मणगढ़ तथा रींगस के लिए एक-एक पद निर्धारित किए गए हैं। इन पदों पर सेवाएं देने वाले कार्मिकों को पारिश्रमिक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं विनियमों के अनुसार देय होगा। कर्मचारियों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रथम प्राथमिकता समय-समय पर जारी परिपत्रों के प्रावधानों के अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी जाएगी, जिसमें न्यायिक कर्मचारियों को वरीयता दी जाएगी। यदि सेवानिवृत्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं होते हैं तो संबंधित विभागों के माध्यम से राज्य सरकार के कर्मचारियों को विपरीत प्रतिनियुक्ति पर लिया जा सकेगा, जिनमें भी न्यायिक कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे सेवानिवृत्त कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई है, वे विज्ञप्ति के साथ संलग्न आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 16 मार्च 2026 को सायं 4 बजे तक ई-मेल पर अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## मंगल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम गोरिसर की पावन धरा पर आत्रेय परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा से हुआ। इस अवसर पर कथा व्यास कृष्णानन्द महाराज ने श्रीमद् भागवत के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य स्वरूप है। जिस स्थान पर श्रद्धा से भागवत कथा का श्रवण होता है, वहाँ स्वतः ही भगवान की कृपा और पवित्रता का संचार हो जाता है।

महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जीवन के पाप, कष्ट और मानसिक अशांति दूर होती है तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार राजा परीक्षित ने सात दिन में भागवत श्रवण करके मोक्ष प्राप्त किया। उसी प्रकार श्रद्धा से कथा सुनने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। इस अवसर पर ओंकारमल शर्मा, भंवर लाल न्योल, रामावतार इंदौरिया, रामकुमार बिंयाला, किशन लाल, गोपीराम कासनिया, वीरेंद्र आत्रेय, राहुल आत्रेय, आदित्य महर्षि, बजरंग लाल जांगिड़, ओमप्रकाश इंदौरिया, फुसाराम, शिवपाल व्यास आदि श्रोताजन उपस्थित थे।

## 10 के सिक्के स्वीकार करने की पाबंदी लगाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त बोरड़ ने रिजर्व बैंक जयपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन नंबियार को पत्र लिखकर सुजानगढ़ शहर में दस रुपए के सिक्के का प्रचलन नहीं होने के संबंध में शिकायत की है। बोरड़ ने लिखा कि भारत सरकार की ओर से जारी सभी तरह की मुद्राएं बाजार में मान्य हैं। लेकिन सुजानगढ़ शहर में पिछले लम्बे समय से दस के सिक्के का प्रचलन नहीं के बराबर है। इसका कारण यह है कि यहां के दुकानदार दस का सिक्का लेने से मना करते हैं, जिसका नतीजा यह होता है कि आम आदमी भी इस सिक्के को लेने से डरता है। इस तरह भारतीय मुद्रा की इस ईकाई का सुजानगढ़ में प्रचलन ना के बराबर हो गया है। बोरड़ ने लिखा कि सुजानगढ़ में दस के सिक्के को लेकर इसकी वैधता के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। साथ ही प्रशासन के माध्यम से सभी व्यापार मंडलों, टेम्पो यूनियन समेत आमजन को दस का सिक्का स्वीकार करने के लिए पाबंद किया जाए, ताकि भारत सरकार द्वारा जारी मुद्रा की गरिमा को ठेस पहुंचना बंद हो सके।

## पीएम कुसुम कंपोनेट-बी अन्तर्गत खण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** पीएम कुसुम कंपोनेट-बी परियोजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पंप संयंत्रों की स्थापना, रखरखाव संबंधी जानकारी से कृषकों को शिक्षित एवं जागरूक किए जाने की दृष्टि से एक दिवसीय खण्ड स्तरीय सेमीनार का आयोजन संयुक्त निदेशक उद्यान खण्ड सीकर के द्वारा आत्मा प्रशिक्षण हॉल सीकर में किया गया। सेमीनार में सीकर, झुंझुनू, नागौर एवं डीडवाना-कुचामन जिले के सौ प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। सेमीनार के शुभारंभ में संयुक्त निदेशक कृषि सीकर प्रिया झाझड़िया, राम रतन स्वामी सहायक निदेशक उद्यान, दुर्गाप्रसाद नीमड़ सहायक निदेशक उद्यान, सर्जन सिंह बाजिया सहायक निदेशक कृषि सीकर तथा उद्यान विभाग के अधिकारी मुकेश बाजिया, डॉ कमल महला उपस्थित रहे तथा किसानों को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना एवं रखरखाव के बारे में विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

## पुलिस जन सहभागिता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** जिला पुलिस कप्तान ऋचा तोमर के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस प्राथमिकताएं 2026 के अनुपालन में वृताधिकारी वृत लाडनूं की मौजूदगी में थानाधिकारी शिंभु दयाल द्वारा ग्राम पंचायत मंगलपुरा के पंचायत भवन में पुलिस जन सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें जनता से संवाद किया गया व जन समस्याएं सुनी गईं तथा बैठक में उपस्थित आमजन को अपराधों की रोकथाम में सहयोग के लिए प्रेरित किया गया। महिला सुरक्षा महिला आत्मरक्षा केंद्र, यातायात नियम, साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर टिप्पणी नहीं करने के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। राजकोप सिटीजन ऐप में जितने भी फीचर है उनके बारे में वृताधिकारी कार्यालय स्टाफ द्वारा प्रायोगिक रूप से आमजन को एप्प डाउनलोड करवाया जाकर जागरूक व प्रचार प्रसार किया गया। नवीन आपराधिक कानून और नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

संदिग्ध व्यक्तियों व अवैध गतिविधियों पर नजर रखने और पुलिस को समय पर सूचित करने की अपील की गई।

# अगर आप भी पहली बार किसी विदेश यात्रा के लिए भरने वाले हैं उड़ान, तो जान लें ये जरूरी टिप्स

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो किसी इंटरनेशनल ट्रिप पर न जाना चाहता हो। हम सभी अपनी लाइफ में एक न एक बार तो किसी विदेश यात्रा पर जरूर जाना चाहते हैं। किसी अंतर्राष्ट्रीय ट्रिप पर जाना बेहद रोमांचक हो सकता है। नई जगहों पर घूमना, नए लोगों से मिलना, स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ लेना और एक नए कल्चर के बारे में जानना, उसे एक्सप्लोर करना काफी एक्साइटिंग होता है। इतना ही नहीं, इंटरनेशनल ट्रिप जो अनुभव आपको दे सकता है, वह शायद ही किसी और तरीके से आपको मिल पाए। हालांकि, आपकी कुछ गलतियां आपके पूरे ट्रिप के मजे को किरकिरा कर सकती हैं। इसलिए अगर आप भी पहली बार किसी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, तो उससे पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में जानना बेहद जरूरी है।



## अपना बजट सेट करें

किसी भी इंटरनेशनल ट्रिप पर जाने से पहले अपने बजट को सेट करना बेहद जरूरी है। ट्रिप से लौटने के बाद भी आपके पास कुछ सेविंग्स बची होनी चाहिए, ताकि किसी इमरजेंसी को स्थिति में परेशानी न हो।

इसलिए अपनी ट्रिप प्लान करते वक्त ऐसी जगह को चुनें जो आपके बजट में आसानी से फिट हो जाए। आने जाने की फ्लाइट की टिकट्स, वीजा, हेल्थ और ट्रेवल इंश्योरेंस आदि को ध्यान में रख कर अपना बजट बनाएं। इसके अलावा, वहां रहने, खाने पीने, आप क्या क्या एक्टिविटीज करना चाहते हैं, इन सभी चीजों के बारे में भी रिसर्च करें और एक अनुमानित बजट बनाएं। इसके अलावा इस बात का भी खास ध्यान रखें कि अपने अनुमानित बजट से ज्यादा पैसे आपके पास हों, ताकि ट्रिप में कोई परेशानी न हो।

## प्री-बुकिंग करें

आप ही की तरह और भी कई लोग उस जगह घूमने जा रहे हैं। इसलिए वहां के होटल्स के बारे में रिसर्च करके, आप प्री-बुकिंग कर सकते हैं। इससे आपको वहां जाने के बाद होटल खोजने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। फ्लाइट की टिक्ट्स भी प्री-बुक कर लें, ताकि आपको अपनी पसंद की सीट भी मिल जाए और आपके लिए थोड़ा पॉकेट फ्रेंडली भी रहेगा।

## स्मार्ट पैकिंग करें

पैक करते समय ज्यादा चीजें पैक न करें। सिर्फ वही चीजें पैक करें, जिसकी आपको सच में जरूरत होगी। ज्यादा चीजों को भरकर अपना बैग भारी न करें क्योंकि बैग आपको ही कैरी करना है। इसके अलावा, आप जिस जगह जा रहे हैं, वहां के मौसम और कल्चर के हिसाब से कपड़ों आदि की पैकिंग करें।

## आइटीनरी प्लान करें

आप जिस जगह पर घूमने जा रहे हैं, वहां क्या-क्या टूरिस्ट अट्रैक्शन स्पॉट्स हैं। वहां आप कौन-कौन सी एक्टिविटीज कर सकते हैं। इन बातों के बारे में थोड़ी खोज-बीन कर, आप अपना ट्रैवल प्लान बना सकते हैं। हालांकि, ऐसा न करें कि आपको सिर्फ यहीं ट्रैवल प्लान फॉलो करना है। आप अपनी इच्छा अनुसार और भी कई एक्टिविटी कर सकते हैं।

## वहां की भाषा के कुछ वाक्य सीख लें

कई देशों में, वहां के लोगों के लिए अंग्रेजी तीसरी भाषा होती है, जो वे या तो बोलना पसंद नहीं करते या उन्हें समझ नहीं आती। इसलिए वहां की भाषा के कुछ आम वाक्य, जैसे- थैंक्यू, हेलो, यह जगह कहां है आदि। इससे आपको वहां के लोगों से बात-चीत करने में थोड़ी आसानी होगी।

## ट्रेवल इंश्योरेंस कराएं

इंटरनेशनल ट्रिप पर आपके साथ आपके परिवार और दोस्त नहीं होते हैं। इसलिए अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए, ट्रेवल इंश्योरेंस जरूर कराएं, ताकि अगर आपको सामान खो जाता है या चोरी हो जाए, तो इंश्योरेंस इसमें आपकी मदद कर सकता है।



# फतेहपुर सीकरी में घूमने के लिए ये बेहतरीन जगहें...

**भारत के सबसे बड़े राज्यों में से एक, उत्तर प्रदेश अपनी आध्यात्मिकता, वास्तुकला, रहस्यवाद और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। सदियों से चली आ रही परंपराओं के साथ, इस राज्य के लोग भारत की कुछ सबसे अमिट परंपराओं में लिप्त हैं, विशेष रूप से हिंदू धर्म से संबंधित परम्पराएं इस राज्य को अति विशिष्ट बनाती हैं। यही वजह है कि प्रदेश धार्मिक आस्थाओं का शहर माना जाता है, क्योंकि यहां पर बनारस, अयोध्या, आगरा जैसे ऐतिहासिक शहर भी मौजूद हैं। इन जगहों का दीदार करने लोग बहुत दूर-दूर से आते हैं, जहां न सिर्फ सांस्कृतिक विरासतें मौजूद हैं बल्कि ऐतिहासिक जगहों भी मौजूद हैं। उदाहरण के तौर पर, भारत का सबसे पवित्र शहर, वाराणसी, सारनाथ और कुशीनगर में प्राचीन बौद्ध स्तूप और प्रयागराज, जहां गंगा और यमुना, भारत की दो सबसे प्रतिष्ठित नदियों से मिलते हैं। ये सब उत्तर प्रदेश का ही हिस्सा हैं। वैसे तो उत्तर प्रदेश पूरे साल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होता है, लेकिन अगर हम आगरा की बात करें तो यहां का फतेहपुर सीकरी काफी पुराना और नायाब है। यहां कई ऐसी जगहें हैं जहां पर घूमने का प्लान बनाया जा सकता है।**

## बुलंद दरवाजा

बुलंद दरवाजा फतेहपुर सीकरी में घूमने की जगहों में से एक है। यह दरवाजा दुनिया का सबसे बड़ा दरवाजा है, जिसका निर्माण सम्राट अकबरने गुजरात पर विजय प्राप्त करने की स्मृति में सन 1602 में करवाया। इस दरवाजे के प्रवेश द्वार के पूर्वी तोरण पर आज भी फारसी में शिलालेख अंकित है।



## जामा मस्जिद

फतेहपुर सीकरी की जामा मस्जिद का इतिहास मुगलों से जुड़ा हुआ है। इसे शाहजहां ने अपनी बेटी जहांआरा बेगम के लिए बनवाई थी। इसलिए इस मस्जिद को मस्जिद-ए-जहांनुमा भी कहा जाता है। इसका निर्माण 1648 में किया गया था, जिसे बनाने के लिए कई लाख रुपये खर्च किए गए थे। इस मस्जिद का निर्माण लाल बलुआ पत्थर से किया गया है और सफेद संगमरमर से सजाया गया है। मस्जिद की दीवार में प्रयुक्त टाइल्स को ज्यामितीय आकृति से सजाया गया है। इस मस्जिद की लंबाई 130 फुट और चौथाई 100 फुट है। जामा मस्जिद में लकड़ी एवं ईंट का भी प्रयोग किया गया है।

## जोधाबाई का मकबरा

मरियम-उज़्-ज़मानी का मकबरा परंपरागत रूप से राजकुमार सलीम ने अपनी मां यानी मरियम-उज़्-ज़मानी जोधा बेगमके नाम से बनवाया था। जहांगीर ने सत्ता संभालने के बाद मरियम-उज़्-ज़मानी के मकबरे का निर्माण करवाया था। इस मकबरे को बनने में पूरे 4 साल लगे थे और ये साल 1627 में बनकर पूरा तैयार हो गया था। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जोधा बेगम का निधन 1623 में हुआ था। हज़ारों लोग इस मकबरे की खूबसूरती को दूर-दूर से निहारने आते रहते हैं। अगर हम इसकी खूबसूरती के साथ वास्तुकला की बात करें, तो इस मकबरे की वास्तुकला काफी रोचक और खूबसूरत है। इस मकबरे का निर्माण बाग के बीच में किया गया है।



## फतेहपुर सीकरी के बारे में

आगरा के पास स्थित फतेहपुर सीकरी 16वीं शताब्दी में बनाया गया एक शाही शहर है। यह शहर मुगल साम्राज्य के आदर्शों और विरासत को समेटे हुए है।

इसे 1571 में मुगल बादशाह अकबर ने बनवाया था। ऐसा माना जाता है कि 12वीं शताब्दी में शुंग वंश और बाद में सिकरवार राजपूतों के शासन के दौरान यहां कई छोटे-छोटे और विभिन्न स्मारक और किले बनाए गए थे, जिसे अकबर ने फतेहपुर सीकरी बनवाते वक्त ध्वस्त करवा दिया था।

## कैसे पहुंचें फतेहपुर सीकरी?

- आप सड़क मार्ग से होते हुए फतेहपुर सीकरी जाना चाहते हैं, तो आप सबसे पहले आप आगरा विजिट करें। आगरा से फतेहपुर सीकरी की दूरी 40 किलोमीटर है।
- अगर आप ट्रेन के माध्यम से फतेहपुर सीकरी जाना चाहते हैं, तो यहां फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशन है। यहां से आप घूमने के लिए जा सकते हैं।
- अगर आप अपनी खुद की गाड़ी से जाना चाहते हैं, तो ये सबसे बेहतरीन विकल्प है। दिल्ली से 4 घंटे 37 मिनट में आप फतेहपुर सीकरी पहुंच जाएंगे।



# सूरज की किरणों से चमक उठते हैं जैसलमेर के ये दो किले, आप भी हो जाएंगे इनकी खूबसूरती के कायल

भारत अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई ऐसे शहर मौजूद हैं, जो अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। यही वजह है कि भारत पर्यटन के लिहाज से एक प्रमुख स्थल साबित होता है। राजस्थान भारत का ऐसा ही एक राज्य है, जो अपनी रंग-बिरंगी संस्कृति और विभिन्न परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां का खानपान, रहन-सहन और पहनावा हमेशा से ही लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता आया है। हालांकि, यहां मौजूद खूबसूरत महल और किले भी लंबे समय से लोगों का आकर्षण रहे हैं। इन किलों को देखने दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। जैसलमेर राजस्थान का एक बेहद खूबसूरत शहर है, तो कई वजहों से मशहूर है। यहां की खूबसूरती निहारने देश ही नहीं विदेश से भी लोग हर साल भारी संख्या में आते हैं। अगर आप भी जैसलमेर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन किलों को देखना न भूलें।



## जैसलमेर किला

अगर आप जैसलमेर में हैं, तो यहां के सबसे खूबसूरत और मशहूर किले में से एक जैसलमेर किला जरूर घूमें। त्रिकुटा पर्वत पर बना यह भव्य किला यूनेस्को की विश्व धरोहर की लिस्ट शामिल है। जैसलमेर किले का निर्माण वर्ष 1156 में भाटी राजपूत राजा रावल जैसल ने करवाया था। यह पूरा किला पीले बलुआ पत्थर से बना हुआ है, जो देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती शाम में सूर्यास्त के समय और भी ज्यादा बढ़ जाती है। सूर्य की किरणें पर किले पर पड़ती है, तो इसकी पीली दीवारें सोने की तरह चमक उठती है। किले की इसी खूबसूरती को देखते हुए जैसलमेर किले को सोनार किला या स्वर्ण किला भी कहा जाने लगा।

## खाबा किला

जैसलमेर से 40 मिनट की दूरी पर स्थित खाबा किला भी यहां देखने लायक बेहद खूबसूरत जगह है। 14वीं शताब्दी में इस किले को पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा बनाया गया था। हालांकि, 19वीं सदी में भयंकर सूखे के कारण इस किले को छोड़ दिया गया था। यही वजह है कि इस किले में वीरान शहर के अतीत की झलक दिखाई देती है। यह शहर के समृद्ध इतिहास और जीवंत संस्कृति की झलक पेश करता है। सूर्यास्त के समय इस किले की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। सूर्यास्त के समय के सुनहरी किरणें बंजर रेगिस्तान में बने इस किले अपनी चमक से नहलाती है। यह शानदार किला रेगिस्तान के बीच सदियों से खड़ा हुआ है और राजस्थान की वास्तुकला कौशल का प्रमाण देता है।

# बेहद खूबसूरत हैं एमपी के ये गुमनाम किले, एक बार जरूर करें इनका दीदार

भारत अपने समृद्ध इतिहास के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई ऐसी ऐतिहासिक इमारतें मौजूद हैं, जो आपको देश में इतिहास में झांकने का मौका देती है।

अपनी परंपराओं और संस्कृति के लिए मशहूर भारत दुनियाभर में पर्यटन का एक प्रमुख स्थल है। यहां कई ऐसी खूबसूरत जगह हैं, जिन्हें देखने के लिए देश ही नहीं विदेश से लोग यहां आते हैं। यहां हर एक राज्य की अपनी अलग संस्कृति है, जो लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करती है। मध्य प्रदेश भारत का ऐसा ही एक राज्य है, जिसे हिन्दुस्तान का दिल भी कहा जाता है। यह राज्य कई मायनों में खास है। यहां की खूबसूरती को निहारने दूर-दूर से लोग मध्य प्रदेश पहुंचते हैं। प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर यह प्रदेश अपनी ऐतिहासिक धरोहरों के लिए भी जाना जाता है। यहां कई खूबसूरत किले भी मौजूद हैं, जो काफी मशहूर भी हैं। हालांकि, यहां कुछ ऐसे किले भी मौजूद हैं, जो बेहद खूबसूरत होने के बाद भी गुमनाम है।

**गिन्नौरगढ़ किला :** प्रदेश की राजधानी भोपाल के पास स्थित, गिन्नौरगढ़ किला के बारे में बेहद कम लोग ही जानते होंगे। यही वजह है कि यह राज्य के कम-ज्ञात लेकिन आकर्षक किलों में से एक है। गोंड राजवंश के शासक द्वारा निर्मित यह किला एक ऐतिहासिक स्मारक होने के साथ ही एक पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है।

**देवगढ़ किला :** देवगढ़ किला राज्य का एक और खूबसूरत किला है, जिसे सिसोदिया राजवंश के रावत द्वारकादास द्वारा बनवाया गया था। 17वीं शताब्दी में बनाए गए इस किले में 200 विशाल कमरे और कुछ कुएं और टैंक भी हैं। यह किला अपनी शानदार भित्ति कला और नक्काशी के लिए जाना जाता है।

**दतिया किला :** ग्वालियर का किला तो सभी जानते होंगे, लेकिन ग्वालियर से करीब 80 किमी की दूर मौजूद दतिया किला का नाम शायद भी आपने कभी सुना होगा। इस किले को बीर सिंह देव महल के नाम से भी जाना जाता है। यहां आपको सुंदर वास्तुकला और बेहतरीन नक्काशी और समृद्ध चित्र देखने को मिलेंगे। यह किला भारतीय और मुगल शैली का एक शानदार मिश्रण है।

**ओरछा किला :** राज्य के प्रसिद्ध जगहों में से एक ओरछा कई वजहों से मशहूर है। भगवान श्रीराम से जुड़े होने की वजह से इस जगह का धार्मिक महत्व तो है ही, साथ ही यह शहर यहां मौजूद किले के लिए मशहूर है, जो यहां एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। इसमें कई छिपे हुए मार्ग, घुमावदार सीढ़ियां और भित्ति चित्र शामिल हैं।

# गढ़ला कलां में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट के अंतर्गत 4.8 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के ग्राम गढ़ला कलां में शुक्रवार को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट के अंतर्गत 4०8 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ किया गया है। इस सौर संयंत्र के चालू होने से क्षेत्र के किसानों को दिन के समय कृषि कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे किसानों को रात्रि में सिंचाई करने की समस्या से राहत मिलेगी तथा कृषि कार्य अधिक सुगमता से हो सकेंगे। अविविनिलि के अधीक्षण अभियंता महेश कुमार टीबडा ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। जिले में अभी तक कुसुम योजना के तहत 34 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता 37.5 मेगावाट है। इसी प्रकार कुसुम योजना के तहत अब तक 11 सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता 30.67 मेगावाट है, जिससे लगभग 6300 कृषि उपभोक्ता लाभान्वित है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में अब तक 7309 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 27.1 मेगावाट है। उन्होंने बताया कि कुसुम योजना एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित सौर संयंत्रों से झुंझुनू जिले में प्रतिमाह लगभग 1.6 करोड़ यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। साथ ही जिले में स्थापित बायोमास प्लांट से प्रतिमाह लगभग 1.1 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस प्रकार जिले में कुल मिलाकर लगभग 2.7 करोड़ यूनिट ऊर्जा का उत्पादन वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से किया जा रहा है। इन सौर ऊर्जा संयंत्रों के स्थापित होने से विद्युत तंत्र को कई महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हो रहे हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन से परंपरागत विद्युत स्त्रोतों पर निर्भरता कम हुई है, साथ ही दिन के समय स्थानीय स्तर पर बिजली उपलब्ध होने से फीडरों पर लोड कम हुआ है। इसके परिणामस्वरूप लाइन लॉस में कमी. विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा किसानों और उपभोक्ताओं को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। साथ ही सभी बिजली उपभोक्ताओं से निवेदन है की वे ज्यादा से ज्यादा सोलर प्लांट लगवाए एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेवें।



## एक मुट्ठी नमक से बदल दी देश की तकदीर पुस्तक का विमोचन



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नमक आंदोलन पर आधारित एक मुट्ठी नमक से बदल दी देश की तकदीर शीर्षक लघु पुस्तक का विमोचन किया। गांधीवादी धर्मवीर कटेवा ने बताया कि पुस्तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, आदर्शों और उनके ऐतिहासिक आंदोलन की प्रेरक स्मृति को समर्पित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक आंदोलन हुए किन्तु सन् 1930 में प्रारम्भ हुआ दांडी मार्च भारतीय जनजागरण का एक अद्वितीय अध्याय बन गया। एक मुट्ठी नमक उठाकर गांधीजी ने न केवल ब्रिटिश शासन के अन्यायपूर्ण कानून को चुनौती दी बल्कि पूरे देश को सत्य, अहिंसा और जनशक्ति की ताकत का एहसास कराया। यह पुस्तक गांधीजी के अनमोल विचारों और जीवन-दर्शन को सरल रूप में पाठकों तक पहुंचाने का एक विनम्र प्रयास है। राष्ट्रवाद, धर्म, सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, समानता, स्वदेशी, शिक्षा, ग्राम स्वराज और मानवता जैसे विषयों पर उनके विचार आज भी समाज के लिए दिशा-सूचक हैं। गांधीजी का मानना था कि किसी भी निर्णय की कसौटी समाज के सबसे कमजोर और वंचित व्यक्ति का हित होना चाहिए। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों और मतभेदों का सामना कर रहा है, तब गांधीजी के विचार हमें संयम, सहिष्णुता और नैतिकता का मार्ग दिखाते हैं। उनका संदेश केवल स्वतंत्रता आंदोलन तक सीमित नहीं है बल्कि मानवता के कल्याण की एक सार्वभौमिक दृष्टि प्रस्तुत करता है।

## परिवहन विभाग की गाड़ी से टकराने वाले ने तोड़ा दम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विश्वकर्मा थाना इलाके में गत 8 मार्च को परिवहन विभाग की गाड़ी की चपेट में आए युवक ने शुक्रवार को उपचार दौरान दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गौरतल है की 8 मार्च जमवारामगढ़ निवासी गौतम मीणा 27 ताला निवासी बाइक पर सिमेंट का कट्टा लेकर एक्सप्रेस हाईवे दादी का फाटक होते हुए जा रहा था। इसी दौरान पीछे से परिवहन विभाग की गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में गौतम मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया। जयपुर आरटीओ इंस्पेक्टर शकीला बानो अपने गार्ड के साथ गौतम मीणा को तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां से चिकित्सकों ने उसे एसएमएस अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। शुक्रवार को उपचार दौरान गौतम मीणा ने दम तोड़ दिया। गौतम की मौत की खबर फैलते ही उनके परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। इधर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवाजें उठने लगी हैं। बताया जा रहा है कि मृतक गौतम मीणा परिवार का इकलौता सहारा था। जिसके कंधो पर उसके छोटे बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के पालन पोषण की जिम्मेदारी थी। गौतम की मौत की खबर फैलते ही उनके परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। इधर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवाजें उठने लगी हैं। गौतम की मौत की खबर सुनने के बाद पीड़ित परिवार काफी आक्रोश में है। परिजनों का कहना है कि जब तक आर्थिक सहायत और नौकरी पर कोई पुख्ता आश्वासन नहीं मिलता, वे न्याय के लिए लड़ेंगे। हादसे के बाद आरटीओ इंस्पेक्टर शकीला बानो ने दावा किया था कि बाइक सवार अचानक दूसरी लेन से पहली लेन पर आ गया था, जिससे वह कार की चपेट में आ गया। वहीं विश्वकर्मा थाना पुलिस ने हादसे के ठीक बाद कहा था कि मामले की जांच की जा रही है कि गलती किसकी थी। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि आरटीओ वाहन की तेज गति और लापरवाही ही इस मौत की मुख्य वजह है। रविवार को हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आवेश में आकर हाईवे पर जाम लगा दिया था। जिसके बाद पुलिस ने समझाईश कर मामला शांत कराया था।

## हाईटेक नाकाबंदी, ई-चालान मशीन से काटे एक दर्जन वाहनों के चालान




निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** पुलिस ने नाकाबंदी अभियान के दौरान पहली बार हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ई.चालान की कार्रवाई की है। थाना अधिकारी सीआई शिंभू दयाल मीणा ने बताया कि एसपी ऋचा तोमर के निर्देशानुसार शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक कोर्ट चौराहे के पास तीन घंटे तक सघन नाकाबंदी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने पहली बार हाईटेक ई-चालान मशीन का उपयोग करते हुए करीब एक दर्जन से अधिक वाहनों के ऑनलाइन चालान काटे गए। साथ ही संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस ने आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए राजकोप-1 सिस्टम के फोटो मैच फीचर के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों की फोटो का मिलान भी किया। इसके अलावा पूरी कार्रवाई को पारदर्शी बनाने के लिए सीआई द्वारा बॉडी प्रोटेक्टर कैमरे का भी उपयोग किया गया। नाकाबंदी के दौरान सीओ जितेंद्र सिंह चारण, सीआई शिंभू दयाल मीणा, एएसआई नाथूराम, पुलिसकर्मी रामचंद्र, किशोर कुमार, शिव शंकर सहित पुलिस एवं आरएसी जाब्ता मौजूद रहा।

## बुजुर्ग महिला मुआवजे के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** भादवा से सीकर पावरग्रिड द्वारा बिजली की लाइनें खिंचवाने व टावर लगाने के लिए किसानों से जमीन अवाप्त की थी। उन्हीं में से सुशीला देवी पारख की जमीन भी नागौर रोड हाईवे पर एलिशियन होटल के पास औद्योगिक सह वाणिज्य भूमि थी। प्रार्थिया ने बताया कि उसे बिना सूचना दिए हुए पावर ग्रिड के अधिकारियों ने उस पर विद्युत लाइन खींचकर टावर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया। जब हमें इसकी सूचना मिली तो इसका विरोध किया, तो अधिकारियों ने कहा कि आपको अच्छी डीएल सी रेट दे देंगे। आप शांति बनाए रखें, उनका विश्वास करके उन्हें कार्य करने दिया। कई बार उनसे संपर्क किया तो उन्होंने तरह तरह के आश्वासन भी दिए। अब नोखा स्थित उनके ऑफिस गए तो पता चला कि यहां से ऑफिस कहीं और शिफ्ट कर दिया गया सुशीला देवी ने उपखंड अधिकारी कोई ज्ञापन देकर बताया कि उसके करोड़ों रुपये की जमीन पावर ग्रिड के अधिकारियों ने जानबूझकर हमें गुमराह करके खराब कर दी।

## पहल : बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को व्यापारियों से संवाद

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** शहर में बेहतर कानून व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ संवाद किया। बैठक में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पुलिस-जन सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की गई। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच संवाद एवं सहयोग से शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिससे अपराध नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि शहर के व्यापारी भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। फरवरी माह के दौरान व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर 48 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं तथा आगे भी कैमरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर ऐसे सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें जिन्हें अभय कमांड सेंटर से जोड़ा जा सकेए ताकि अपराध नियंत्रण में प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। पुलिस कमिश्नर ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजारों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरों की स्थापना संख्या की प्रगति की प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही शहर के समस्त पुलिस उपायुक्तों, सहायक पुलिस आयुक्तों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे व्यापारियों को अधिकाधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें अभय कमांड सेंटर से जोड़ने के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करें। पुलिस कमिश्नर ने अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा व्यापारिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला एवं सर्किल स्तर पर पुलिस-व्यापारी समन्वय समितियों के गठन के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समितियों के माध्यम से व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें अभय कमांड सेंटर से जोड़ने, बाजारों में सुगम आवागमन एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने, अतिक्रमण की समस्या के समाधान, साप्ताहिक हाट बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा चोरी-नकबजनी जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही ज्वेलरी एवं प्रमुख बाजारों में कीमती सामान की सुरक्षा के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने शहर के चारों जिलों के पुलिस उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे जिला स्तर पर तथा सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल स्तर पर व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ नियमित समन्वय बैठक आयोजित करें, ताकि पुलिस एवं व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो तथा कानून एवं शांति व्यवस्था से जुड़े विषयों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर व तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर के तत्वाधान में शनिवार को न्यायालय परिसर, श्रीमाधोपुर मुख्यालय स्थित समस्त न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल, फौजदारी प्रकरणों, एम.ए.सी.टी.ए पारिवारिक प्रकरण, घरेलू हिंसा, 138 एन.आई. एक्ट एवं प्री-लिटिगेशन बैंक, बीमा कम्पनियों एवं बीएसएनएलए एवीवीएनएलए अजमेर आदि प्रकरणों का निस्तारण आयोजित प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाना प्रस्तावित हैं। समिति अध्यक्ष, गीता पाठक एडीजे श्रीमाधोपुर ने बताया कि न्याय क्षेत्र में 3 राष्ट्रीय लोक अदालत बैचों का गठन किया गया हैं। जो श्रीमाधोपुर एवं खण्डेला न्यायालय परिसर में प्रकरणों की सुनवाई करेगी। अतः वे सभी पक्षकार जो राजीनामा के जरिये न्यायालय में लंबित अपने प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते हैं एवं उन्होनें अपना प्रकरण लोक अदालत 14 मार्च 2026 में चिन्हित, रखवाया है या रखवाना चाहते हैं। उक्त सभी पक्षकारान् 14 मार्च 2026 को न्यायालय परिसर, श्रीमाधोपुर एवं खण्डेला में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित होकर अपने प्रकरण, मुकदमें का निस्तारण करवा सकते है। लोक अदालत में निस्तारित प्रकरण की कोई अपील नहीं होती है एवं न्यायालय द्वारा कोर्ट फीस भी लौटाई जाती हैं।

## खेल कोटे में फर्जीवाड़ा : ताइक्वांडो के नकली प्रमाण पत्रों से नौकरी का खेल उजागर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप ने वर्ष 2022 की तृतीय श्रेणी अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा में उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से नौकरी हासिल करने के प्रयास का बड़ा खुलासा किया है। फर्जी ताइक्वांडो खेल प्रमाण पत्र और फर्जी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर नौकरी पाने की कोशिश के मामले में एसओजी ने 19 अभ्यर्थियों सहित कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि 12 मार्च 2026 को राजस्थान के 14 जिलों और हरियाणा में एक स्थान पर एक साथ कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा गया। मामले में फर्जी ईमेल आईडी बनाकर खेल प्रमाण पत्रों का सत्यापन भेजने की साजिश सामने आई है। जांच में पता चला कि ईमेल दुबई से बनाई गई थी और इसका उपयोग विमलेंदु कुमार झा कर रहा था। एसओजी ने उसे गिरफ्तार कर उसके सहयोगी रवि शर्मा को भी पकड़ा और फर्जी ई मेल आईडी से जुड़ी सिम बरामद की। जांच में सामने आया कि प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए भेजे गए ईमेल की जानकारी आरोपियों को मिल गई थी। इसके बाद उन्होंने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के समान दिखने वाली फर्जी ईमेल आईडी बनाकर फर्जी प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थियों के पक्ष में सकारात्मक रिपोर्ट भेज दी ताकि उन्हें खिलाड़ी कोटे से नौकरी मिल सके। मामले की जांच डीआईजी एसओजी परिस अनिल देशमुख के निर्देशन में चल रही है और जांच की जिम्मेदारी पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल मुरारिया को दी गई है। एसओजी ने फलौदी, जोधपुर, जालोर, बीकानेरए हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, जयपुर, सीकर, झुंझुनू, नागौर और बालोतरा सहित विभिन्न जिलों में कार्रवाई कर आरोपियों को हिरासत में लेकर जयपुर लाया। गिरफ्तार अभ्यर्थियों में बबीता जाखड़ चूरू, ज्योतिरादित्य भीलवाड़ा, सीमा झुंझुनू, कविता भींचर सीकर, बसंती कुम्हार जयपुर, ममता कुमारी सवाई माधोपुर, नरेंद्र बिदियासर व मुमताज नागौर, भंवरलाल जालोर, कविता जोधपुर, एकता थालोर चूरू, योगेंद्र कुमार हनुमानगढ़, शिवकरण श्रीगंगानगर, मांगीलाल बीकानेर, भलाराम बालोतरा, भजनलाल जालोर, सुनील पालीवाल, महेंद्र पालीवाल व दुर्गाप्रसाद फलौदी तथा गजानंद प्रजापत जयपुर शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी गजानंद प्रजापत ने अपनी पत्नी बसंती उर्फ बंटी प्रजापत के लिए दलालों को रुपये देकर फर्जी खेल प्रमाण पत्र बनवाया था। एसओजी यह भी जांच कर रही है कि फर्जी प्रमाण पत्रों के लिए अभ्यर्थियों से कितनी राशि ली गई और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर से भेजा गया ईमेल किस माध्यम से आरोपियों तक पहुंचा। मामले में ओमप्रकाश महला सीकर, वेदप्रकाश पालीवाल फलौदी, योगेंद्र कुमार पीटीआई, रघुवीर चौधरी जोधपुर और सतीश डुल रोहतक हरियाणा सहित अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## लंबे प्रवास के बाद साध्वीश्री जी का विहार

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** नोखा धार्मिक नगरी में लगभग 12 वर्षों के लंबे एवं प्रेरणादायी प्रवास के पश्चात शशासन गौरवश् साध्वी श्री राजीमती जी, ठाणा-7 का विहार शुक्रवार को लाडनूं की ओर, आचार्य श्री महाश्रमण जी के दर्शनार्थ। विहार के अवसर पर तेरापंथ सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, किशोर मंडल, कन्या मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल एवं अणुव्रत समिति सहित सभी संस्थाओं के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धाभाव से विदाई में भाग लिया। प्रातःकाल से ही तेरापंथ भवन, नोखा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गणवेश में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं की आंखें नम थीं। सभी ने भावभीनी मंगलकामनाओं के साथ गुरु दर्शन कर साध्वी श्री जी को विदाई दी। वातावरण में श्रद्धा, भावुकता और कृतज्ञता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इंदरचंद बैद कवि ने बताया कि बहनों और भाइयों की आंखों से आंसुओं की धारा बह रही थी। सभी के मन में यह भाव था कि इतने लंबे समय से मिल रहा आध्यात्मिक एवं धार्मिक ज्ञान अब किससे सुनने को मिलेगा। नोखा में साध्वी श्री राजीमती जी का लगभग 12 वर्षों का प्रवास अपने आप में एक रिकॉर्ड रहा। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष शुभकरण चौरड़िया सहित अनेक कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे रहे। वर्तमान में साध्वी श्री जी का विहार सोमलसर की ओर हुआ है। आगे लाडनूं पहुंचकर लगभग 25 मार्च तक आचार्य श्री महाश्रमण जी के दर्शन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## सर्व समाज का आक्रोश, पुतला फूंका

### तरुण खटीक हत्याकांड में फांसी की मांग



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर में शुक्रवार को सर्व समाज के लोगों ने दिल्ली निवासी तरुण खटीक की हत्या के विरोध में एसडीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की और अपराधियों का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया। बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और समाज के लोग इसमें शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कार्यालय में दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि तरुण खटीक की हत्या में शामिल सभी आरोपियों को त्वरित न्यायालय के माध्यम से सुनवाई कर फांसी की सजा दी जाए। साथ ही आरोपियों की अवैध संपत्तियों की जांच कर अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा क्षेत्र में चल रही संदिग्ध और कट्टरपंथी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने, अवैध नेटवर्क पर रोक लगाने तथा संवेदनशील इलाकों में हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की गई। ज्ञापन में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स के गठन की भी मांग रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी सरकार से की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर विशाल बोहरा, विक्की बिंवाल एमदन चौहान, राजाराम मीणा, रविंद्र ओसवाल पार्षद, वीरेंद्र सिंह राठौड़ एमनोज लोकनाका, रामावतार मेहरडा, कृष्ण कुमार आसीवाल, किशन गोठवल, कन्हैयालाल चौरसिया, उमाशंकर ठठेरा, लक्ष्मीकांत हरितवाल, अमित ठठेरा, अंकित बागोरिया, विजय सिंह, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ श्याम वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री खाटू श्याम सेवादार समिति जयपुर के तत्वावधान में अजमेर रोड 200 फीट बाइपास निर्माणनगर स्थित जिंदल गार्डन में दो दिवसीय श्याम वार्षिकोत्सव भजन रस गंगा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। श्री राम शिव हनुमान मंदिर, शिवाजी पार्क श्याम नगर पुलिस स्टेशन के पीछे निर्माण नगर से उत्सव स्थल तक कलश यात्रा में 301 महिलाएं एक समान परिधान में सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शामिल हुई। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, ऊंट और बग्गी सहित पारंपरिक लवाजमे के साथ बाबा श्याम को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। संत-महात्माओं और समाजसेवियों ने पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा को विधिवत रवाना किया।

आयोजन से जुड़े विमल सोनी ने बताया कि शनिवार को शाम सवा 4 बजे से बाबा श्याम का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा।


### आम सूचना

मेरे पति रामस्वरूप पुत्र जगदीश प्रसाद के नाम से एक वाहन ट्रेक्टर नंबर आर.जे. 18 आर.बी. 8542 मॉडल 2018 न्यू होलेण्ड 3032 है। यह कि मेरे पति का दिनांक 15-02-2021 को देहांत हो चुका है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में जिला परिवहन कार्यालय झुंझुनू में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**रेखा पत्नी स्व. रामस्वरूप**
**निवासी-वार्ड नं. 23, बाबा हरिराम कॉलोनी, झुंझुनू, तहसील व जिला झुंझुनू (राज.)**

### कार्यालय नगर परिषद, सीकर

Add:- संतोषी माता मंदिर के पास, राणी सती रोड़, सीकर
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

No. :- F.( )/MCS/ELE/2025-26/18682 Date: 09.03.2026

**ई-निविदा सूचना/2025-26**

Bids for work OCTAGONAL POLE AND LIGHTING WORK FROM ECOLOGICAL PARK AND BIRD SANCTURAY NANI TO NANI BYPASS SIKAR (SALASAR ROAD) of subject matters are invited from interested bidders up to 16-03-2026 at 04:00 pm. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal.
http://sppp.rajasthan.gov.in/ http://eproc.rajasthan.gov.in/ of the state.

NIB Code- DLB2526B2464

| S.NO. | WORK WISE UBN NO. |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB36924 |

राज.संवाद/सी/25/22271

वरिष्ठ आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

### कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2967 दिनांक :- 10/03/2026

**खुली निविदा सूचना**

ई बुक्स हेतु खुली निविदा (रू 5,00,000/, अक्षर पांच लाख रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GSOB00556 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 16.03.2026 प्रातः 11.00 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/22333 अधिष्ठाता

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल, अजीतगढ़ (सीकर)

Email ID: - npajitgarh@gmail.com Contact no. 01575294913

क्रमांकः- न0पा0अजी0/2025-26/4037 दिनांक :- 09.03.2026

**RFP NOTICE**

Municipal Board Ajitgarh invites Request for Proposal (RFP) for Consultancy Services for "Prepration of DPR For waste water Managament including sewerage work in Nagar Palika Ajitgarh of year 2026- 27". Interested consultants can visit the http://sppp.rajasthan.gov.in/ and MB Ajitgarh office to check the requirements of the department before submitting the RFP. The sealed proposal super scribed as RFP for Consultancy Services for Prepration of DPR For waste water Managament including sewerage work in Nagar Palika Ajitgarh of year 2026-27". should be submitted to16/03/2026 Till 12.00 Pm at the address mentioned above via speed post or Registered post along with the Docket Cost of Rs. 24,000/- in the form of Demand Draft (DD) in favors of Executive officer municipal board Ajitgarh. Modifications/ Amendments/ Corrigendum, if any shall not be advertised in the newpaper but shall be published in the Government site only. the under signed reserve the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

RFP Code : DLB2526RFP0068

राज.संवाद/सी/25/22408 Executive officer

# जामा मस्जिद पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आखिरी जुम्मे पर जयपुर की जामा मस्जिद पर अकीदमंदो का सैलाब उमड़ा और अमन चैन के लिए हजार हाथ उठे। पवित्र माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे पर जयपुर की जामा मस्जिद पर शुक्रवार को ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। गुलाबी नगरी के परकोटा इलाके में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत के लिए एकत्रित हुए। इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही पुराने शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद समेत कई मस्जिदों में खास इंतजाम किए हुए थे। मुस्लिम समाज के लिए अलविदा जुमा रमजान के सबसे अहम दिनों में से एक माना जाता है, इसलिए सुबह से ही लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। रमजान के आखिरी शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने रोजे रखे और नमाज में खुद से हुई गलतियों के लिए खुदा से माफी मांगी। बताया जा रहा है की यह रमजान को विदाई देने और अल्लाह की इबादत का विशेष दिन है। रमजान माह का चौथा जुमे की नमाज के दौरान जयपुर में शुक्रवार को जुमातुल विदा की नमाज अता की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे, भीड़ को देखते हुए बाजार में वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि अलविदा जुमे के साथ ही अब शहर में ईद-उल-फितर के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई। नमाज के बाद बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। जयपुर के सभी बाजारों में सेवइयां, कपड़ों और इत्र की दुकानों पर खरीदारों की भारी



भीड़ उमड़ी। रमजान महीने का आखिरी दिन 20 मार्च तय किया गया है। लेकिन ईद की तारीख चांद के दीदार के बाद ही तय होती है। अगर 20 मार्च की रात को चांद दिखता है, तो ईद 21 मार्च को मनाई जाएगी। रमजान 19 फरवरी से शुरू हुआ था।

## प्रेमभाया महोत्सव में गूंजे भक्ति संगीत के स्वर



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ढूंढाड़ क्षेत्र के पारंपरिक 86वें श्री प्रेमभाया महोत्सव के तहत आयोजित चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के तीसरे दिन शुक्रवार को चांदपोल स्थित जय लाल मुंशी का रास्ता के युगल कुटीर में भक्ति का रंग देखने को मिला। फूलों और इत्र की सुगंध से महकते माहौल में भजन-कीर्तन से श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने उद्धार करो जी काया को, होली टीबे मैलों भरे छै प्रेमभाया को भजन से की। इसके बाद परवीन मिर्जा ने मैं दासी छूं आपकी, राधा छै म्हारो नाम, कृतिनेय शर्मा ने पाछां सै मटकी फोड़ी या काहे की होरी कानूड़ा और राकेश शर्मा ने हे कृष्ण कब तुम कृपा करोगे जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। गोपाल सैन, अभिषेक और नामा सहित अन्य भजन गायकों ने भी सुमधुर प्रस्तुतियां दी। दिन में महिला मंडलों ने भी भक्ति रस की वर्षा की। कृपा शर्मा ने आओ जी नट नगरिया बेगा सा आओ जी और मोहनी सोनी ने मुझे दिन-रात ऐ मोहन तुम्हारी याद आती है भजन प्रस्तुत किए। अनिता सैनी, राखी चतुर्वेदी सहित अन्य गायिकाओं ने भी अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। महोत्सव में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सरस निकुंज से अलबेली माधुरी शरण महाराज, काले हनुमानजी से गोपाल दास महाराज, विधायक बालमुकुंदाचार्य और गढ़ गणेश मंदिर से युवाचार्य आनंद औचित्य सहित कई संत-महंत व जनप्रतिनिधियों ने भी हाजिरी लगाई।

## सुदामा प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री साईं नाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में श्री साईं बाबा के 20वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में राजापार्क स्थित सिंधी कॉलोनी के स्वामी सर्वानंद पार्क में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का समापन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ कथा पूर्णाहुति व पोथी विदाई के साथ किया गया। कथा वाचन करते हुए जगदगुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की निस्वार्थ मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो संकट के समय साथ खड़ा रहे। उन्होंने बताया कि सुदामा ने कभी भगवान से किसी प्रकार के सुख-साधन या धन की कामना नहीं की। फिर भी प्रभु ने उनके भाव से प्रसन्न होकर उन्हें समृद्धि प्रदान की। उन्होंने कहा कि समाज में सम्मान अमीरी से नहीं बल्कि ईमानदारी और सज्जनता से मिलता है। जीवन में सच्चे मित्र बनाने चाहिए और अवसरवादी व चाटुकार मित्रों से बचना चाहिए। आयोजन से जुड़े निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा का श्रवण किया और अंत में आरती में शामिल हुए।

## चेटीचंड कार्यक्रमों के तहत दो स्थानों पर लाल जा लाडा आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चेटीचंड उत्सव के तहत शहर में दो स्थानों पर लाल जा लाडा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान झूलेलाल की भक्ति में लाडा और भजनों की प्रस्तुति दी। पहला कार्यक्रम चेटीचंड सिंधी मेला समिति और पूज्य सिंधी पंचायत सेक्टर-2, जवाहर नगर के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर नगर स्थित गीता मंदिर में आयोजित हुआ। संयोजक श्यामलाल और पुनीत गनवानी ने बताया कि कार्यक्रम में 24 टीमों ने भाग लिया और मुंहिंजी बेड़ी अथई विचअ सीर ते, मां आयुस सवाली दाता सखी धनी तथा बेड़ी मुहिंजी बेड़ी सभजी पार लगाए मुंहिंजा कामिल यार जैसे लाडा और भजन प्रस्तुत कर भगवान झूलेलाल को रिझाया। कार्यक्रम में नरेंद्र मूलचंदानी, प्रमोद नवानी, दीपक वरंदानी, अर्जुन दास मेहरचंदानी और हरीश असरानी सहित पदाधिकारियों का स्वागत रमेश हरपलानी ने किया। वहीं राजापार्क स्थित श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में भी लाल जा लाडा कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंदिर अध्यक्ष प्रेमचंद कुंदनानी ने बताया कि चेटीचंड के अवसर पर पिछले 40 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुभाष निरंकारी, रेवा लाल, नारूमल माणी, दिलीप अलवानी, वासुदेव और कमलेश आसुदानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। निर्णायक के रूप में पूजा चंदवानी और नंदिनी पंजवानी रहे जबकि मंच संचालन हेमा मलानी ने किया।

## कौशल व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से गिरनार फाउंडेशन ने प्रज्ञा निकेतन नॉलेज सेंटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 100 बालिकाएं और उनके परिवार की महिला सदस्य शामिल थीं। कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए संचार कौशल और आत्मविश्वास निर्माण पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए, जिनका संचालन कॉलेजदेखो के संकाय सदस्यों ने किया। इन सत्रों का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्म-अभिव्यक्ति को मजबूत करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उनके व्यक्तिगत विकास के लिए व्यावहारिक कौशल विकसित करना था। इस दौरान इंटरैक्टिव गेम्स और एंगेजमेंट गतिविधियां भी कराई गईं, ताकि सीखने का सहयोगात्मक माहौल तैयार हो और प्रतिभागिता बढ़े। साथ ही माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए सैनिटरी पैड्स का वितरण भी किया गया। गिरनार फाउंडेशन की प्रमुख पीहू जैन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए ऐसा माहौल बनाना जरूरी है, जहां लड़कियों को सुना और समर्थन किया जाए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि लड़कियों में ऐसे कौशल विकसित करना है जो उन्हें अपने विचार रखने और भविष्य के अवसरों को हासिल करने में सक्षम बनाएं। फाउंडेशन की यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों-एसडीजी 3 अच्छा स्वास्थ्य, एसडीजी 4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एसडीजी 5 लैंगिक समानता-को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

## चेटीचंड महोत्सव पखवाड़ा कल से प्रारंभ

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी साईं जी का अवतरण दिवस 20 मार्च को जयपुर महानगर के विभिन्न स्थानों पे पूज्य पंचायतों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुलाबी नगरी में आस्था भक्ति के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर के पूज्य संत मोहन लाल महाराज संत मोनूराम साई के सान्निध्य में चेटीचंड पखवाड़े के कार्यक्रमों का आयोजन भक्ति भाव हर्षोल्लास से किया जाएगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में 15 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे वरुण पथ मानसरोवर, श्री झूलेलाल मंदिर में यूथ वाहन रैली को झंडी देखाकर रैली रवाना किया जाएगा। सिंधी कॉलोनी, अमर लाल साहिब मंदिर में 11 बजे सामूहिक जनेऊ संस्कार में बटु बालकों को संत पखर पहना कर आशीर्वाद देगें।

प्रताप नगर स्थित जानकी देवी गुरनानी सभागार में सिंधु वेलफेयर सोसाइटी के सानिध्य में आयोजित रजत जयंती सामुहिक विवाह समारोह में सायं काल 5 बजे नव दंपत्तियों को संतों द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा। परम्परा अनुसार चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर के तत्वावधान में दशहरा मेला मैदान में विशाल सिंधु मेले में सायं काल 7 बजे ज्योत प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया जाएगा। इस विशाल सिंधु मेले में श्री अमरापुर स्थान जयपुर द्वारा गुरु महाराज का प्रसाद डोडा चटनी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में श्री झूलेलाल सेवा मण्डल इस्कॉन रोड मानसरोवर द्वारा आयोजित प्रथम विशाल सिंधी मेले में पूज्य संत मोहन लाल सायं काल साढ़े 7 बजे ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। संत मोनू महाराज ने सिंधु एकता को जीवित रखने और नव पीढ़ी को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।




## 29 बालिकाओं को प्रदान की साइकिलें

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव चरला के राजकीय उच्च माध्यमिक प्राचार्य राधेश्याम मीना, डॉ. कृष्ण कुमार जांगिड़ एवं मुख्य अतिथि पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि मनसुख गोदारा ने राज्य सरकार की ओर से आई साइकिलों का छात्राओं को वितरण किया। कक्षा 9 की कुल 29 छात्राओं को साईकिलें वितरित की गई।

इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई करते हुए 83 सिलेंडर व पिकअप जब्त

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 83 गैस सिलेंडर और एक पिकअप वाहन जब्त किया है। कार्रवाई में दो व्यक्तियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में तीन विशेष प्रवर्तन दल गठित कर शहर में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत एयरपोर्ट रोड स्थित सांगानेर क्षेत्र में चील गाड़ी रेस्टोरेंट के पास दबिश दी गई, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों से व्यावसायिक सिलेंडरों में अवैध रिफिलिंग कर कालाबाजारी किए जाने की पुष्टि हुई। कार्रवाई के दौरान मौके से 69 घरेलू और 14 व्यावसायिक सिलेंडर सहित कुल 83 सिलेंडर तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया गया। जांच में करीब 15 घरेलू सिलेंडरों में लगभग दो किलोग्राम गैस कम पाई गई, जिस पर विधिक माप विज्ञान अधिकारी को बुलाकर जांच करवाई गई। प्राथमिक जांच में लालकोठी स्थित उर्मिल गैस एजेंसी की संलिप्तता सामने आने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान दो अन्य विशेष प्रवर्तन दलों ने शहर की दो गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और एजेंसी परिसर में अनावश्यक कतारें नहीं लगने देने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने बताया कि शहर में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ ऑपरेशन प्रवर्तन-सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर अभियान के तहत लगातार कार्रवाई जारी है। आमजन से भी ऐसी गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।

## जेजेएम घोटाले में अग्रवाल सहित चार आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जल जीवन मिशन जेजेएम से जुड़े प्रकरण में एसीबी कोर्ट संख्या-1 ने आरोपी सुबोध अग्रवाल सहित चार आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। यह वारंट मुकदमा संख्या 245/24 में जारी किए गए हैं।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार अदालत ने आरोपी सुबोध अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, संजीव गुप्ता और मुकेश गोयल के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। न्यायालय के आदेशों की पालना में एसीबी टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसीबी अधिकारियों के अनुसार यदि वारंट की तामील नहीं हो पाती है तो न्यायालय से आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही भी की जाएगी। मामले में एसीबी द्वारा अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है और न्यायालय के आदेशों की पालना सुनिश्चित की जा रही है।

## एक माह के लिए खरमास शुरू, 14 अप्रैल को होगा खरमास का समापन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मीन संक्रांति के साथ 14 मार्च से खरमास शुरू हो जाएगा। यह अवधि 14 अप्रैल तक चलेगी। इस एक महीने के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन और यज्ञोपवीत जैसे सभी मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस समय दान-पुण्य, भगवान विष्णु की पूजा और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषाचार्य डॉ महेन्द्र मिश्रा के अनुसार 14 मार्च को दोपहर करीब एक बजे सूर्य कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसी क्षण से मीन संक्रांति के साथ खरमास की शुरुआत हो जाएगी। सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करते ही एक महीने तक शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा। इस अवधि को धार्मिक दृष्टि से साधना, जप-तप और दान के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। खरमास समाप्त होने के बाद ही विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्त फिर से शुरू होते हैं। इस वर्ष 14 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजकर 35 मिनट पर सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाएगा। इसके बाद पूरे देश में विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण और अन्य शुभ कार्यों के लिए फिर से शुभ मुहूर्त उपलब्ध हो जाएंगे। डॉ मिश्रा ने बताया कि विवाह के शुभ मुहूर्त तय करते समय ज्योतिष में लग्न और नक्षत्र का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन लग्न विवाह संस्कार के लिए अत्यंत शुभ माने गए हैं। इन लग्नों में ग्रहों की स्थिति अनुकूल मानी जाती है और दांपत्य जीवन के लिए इसे शुभ संकेत माना जाता है। नक्षत्र भी विवाह मुहूर्त तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, मघा, चित्रा, स्वाति, हस्त, अनुराधा और उत्तरा फाल्गुन नक्षत्र विवाह के लिए अनुकूल माने जाते हैं। इन लग्न और नक्षत्रों में विवाह संस्कार करने से वैवाहिक जीवन सुखी और स्थिर रहने की मान्यता है। इसलिए विवाह की तिथि तय करते समय पंचांग, लग्न और नक्षत्र का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस वर्ष अधिकमास और चातुर्मास के संयोग के कारण कई महीनों तक विवाह सहित मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ज्येष्ठ मास इस बार दो माह तक रहेगा, जिसके कारण 15 मई से 17 जून तक मलमास रहेगा। इस अवधि में शादी-विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ संस्कार नहीं किए जाते। पंडितों के अनुसार अधिक मास को धार्मिक साधना, दान-पुण्य और भगवान की आराधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस समय लोग विशेष रूप से व्रत, जप और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। इसके बाद 25 जुलाई से 20 नवंबर तक चातुर्मास रहेगा। मान्यता है कि इस अवधि में भगवान विष्णु योग निद्रा में रहते हैं। इसलिए इस समय भी विवाह और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। धार्मिक दृष्टि से यह समय पूजा-पाठ और आध्यात्मिक साधना के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

## हीट वेव के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा विभाग सतर्क

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में हीट वेव के बचाव एवं रोकथाम के लिए प्रभावी प्रबंधन किये जाने के लिए निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसमे इमरजेंसी कक्ष का प्रबंधन सुनिश्चित करनेए तापमान नियंत्रण के लिए ए.सी./कूलर/पंखेध्पर्दे इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर बैड आरक्षित कर लू-तापघात से पीड़ित रोगियों के लिए आइसोलेशन कॉर्नर स्थापित किये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। लू-तापघात के उपचार में आने वाली आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हीट स्ट्रोक से संबंधित आने वाले केसों का रजिस्ट्रेशन करने के साथ ही तापमान की अधिकता की स्थिति में मनरेगा कार्य योजना के अनुरूप बचाव एवं रोकथाम करने के निर्देश दिए गए हैं। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य प्रथम डॉ. इन्द्रा गुप्ता ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव से बचाव सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे ओपीडी रजिस्ट्रेशन एवं दवा वितरण काउंटर पर छाया, पीने का स्वच्छ शीतल जल की व्यवस्था, वेटिंग एरिया में शेड व्यवस्था तथा संस्थानों में साफसफाई आदि की सुनिश्चितता करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190